दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 18 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 118 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## वक्फ कानून पर 'सुप्रीम' सुनवाई

### सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का समय




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक 'उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ' या 'दस्तावेजों की ओर से वक्फ' संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा।

**सरकार की दलील :** सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा।

उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा? :** सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया, अदालत ने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

शेष, पृष्ठ 2

# पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने संभाला गाजियाबाद का चार्ज

### - गुरुवार को चार्ज लेने के बाद गजटेड अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नए कमिश्नर के रूप में आईपीएस अधिकारी आईजी जे रविंद्र गौड़ ने पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के रूप में चार्ज संभाल लिया है। वह पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में पहुंचे और फिर वहां सभी गजेटेड अधिकारियों से उन्होंने मुलाकात की।

इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ज्वाइन करने पर एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, डीसीपी ट्रांस हिंडन लिमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी के साथ ही सभी डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और मुलाकात की। चार्ज संभालने से पहले जैसे ही वह पुलिस लाइन पहुंचे, तो उनको यहां पुलिसकर्मियों द्वारा सलामी भी दी गई। इसके साथ सभी डीसीपी ने गुलदस्ता भी भेंट किया।

## आज से शुरू करेंगे जनसुनवाई का काम





### सीपी के सामने वरिष्ठता क्रम में नजर आए सभी पुलिस अधिकारी

करंट क्राइम : पुलिस में अनुशासन होता है और वह नजर भी आता है। ऐसा ही सीन गुरुवार को देखा गया जब पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने चार्ज संभाला और फिर वह गस्टेड अधिकारियों के साथ मीटिंग के लिए बैठे तो उनके टेबल के बाईं ओर सबसे पहले नंबर पर एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना के बाद डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी बैठे हुए थे। तो उनके ठीक सामने की पंक्ति में सबसे पहले डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और एसीपी लाइन- मसूरी लिपि नगायच बैठी हुई थीं। इनके पीछे सभी एसीपी स्तर के अधिकारियों को स्थान दिया गया।



### एसीपी स्तर के अधिकारियों ने भी की अपनी-अपनी मीटिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर की पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई तो फिर जब यह मीटिंग समाप्त हुई तो डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने एसीपी स्तर को निर्देशित किया और फिर एसीपी स्तर के अधिकारियों ने अपने-अपने सर्किल में थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को दिशा निर्देश देते हुए बैठक की है। जिसमें कहा जा रहा है आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की वर्किंग में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।



### सुबह 10 से शुरू करेंगे सीपी जनसुनवाई

करंट क्राइम : आईपीएस अधिकारी और गाजियाबाद पुलिस के नए कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने गुरुवार को चार्ज लेने के बाद अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए जानकारी दी है कि वह शुक्रवार को 10 से पुलिस ऑफिस स्थित कार्यालय में जनसुनवाई शुरू करेंगे। इस दौरान आने वाले मामलों के लिए वह खुद भी फरियादियों से बातचीत करेंगे और पुलिस के अधिकारियों को सीधे कार्रवाई का निर्देश देंगे।

## वाग्दान समारोह



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर निवासी सुनील शर्मा तथा राखी शर्मा के पुत्र सौभाग्य शर्मा का वाग्दान संस्कार अंशु खन्ना तथा अतुल खन्ना की सुपुत्री सौम्या के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। वेदान्ता फार्म हाऊस में आयोजित वाग्दान समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। देश के केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इस कार्यक्रम में पहुंचे और उन्होंने सौभाग्य तथा सौम्या को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा तथा राखी शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वाग्दान समारोह में राजनीति समाजसेवा पत्रकारिता और उद्यमिता जगत के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला शिकायत निवारण समिति एवं फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद की बैठक संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जिला अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (पी०एम०जे० ए०वाई०) की जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अमित विक्रम, डा० राजेश तेवतिया, नोडल अधिकारी आयुष्मान योजना, डिस्ट्रिक्ट इम्पलीमेंटशन यूनिट, सपोर्ट एजेन्सी तथा आयुष्मान पंजीकृत निजी एवं राजकीय चिकित्सालय के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा योजना को लेकर बिन्दुवार जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने इस बारे में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण, लम्बित भुगतानों, तकनीकी समस्याओं, लाभार्थियों को होने वाली परेशानियों तथा क्लेम की वर्तमान स्थिति की गहनता से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद विभागीय

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

## 18 अप्रैल को होगा बार सचिव पद के लिए पुनः मतदान

### हरेंद्र गौतम और अमित नेहरा लड़ रहे हैं सचिव के लिए चुनाव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद में लंबे समय से सचिव के पद को लेकर घमासान चल रहा था। मामला पहले विवाद से शुरू हुआ, फिर कोर्ट पहुंचा और फिर कोर्ट के आदेश के बाद अधिकारियों के कार्यालय पहुंचा। फिलहाल इसका हल निकालने के लिए बार एसोसिएशन गाजियाबाद सचिव पद के लिए पुनः मतदान कराने जा रही है। 18 अप्रैल को सविच पद का चुनाव होना है। जिसमें सभी अधिवक्ता भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि 18 अप्रैल को होने वाले इस मतदान में लगभग 2400 से अधिक अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग करते हुए सचिव का चुनाव करेंगे। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि चुनाव अधिकारी द्वारा सचिव पद के लिए पुनः मतदान कराने की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई हैं। चुनावी मैदान में दो प्रत्याशी हैं, जो सचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें हरेंद्र गौतम और अमित नेहरा का नाम शामिल है।



# पुराना वाला ही होगा पुलिस कमिश्नर का नया ठिकाना

## पुलिस ऑफिस में ही प्रतिदिन सुबह 10 बजे से जनसुनवाई करेंगे नए कमिश्नर

### - आईपीएस जे रविंद्र गौड़ की वर्किंग आ रही है अलग नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस में अधिकारी बदलते हैं, तो व्यवस्थाएं भी बदलती हैं। काम करने का अंदाज बदलता है, तो कई बार कार्यक्षेत्र और स्थान भी बदले जाते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार को चार्ज लेने के बाद आईजी जे रविंद्र गौड़ ने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिया है कि वह पुलिस कमिश्नर के तौर पर अपने कार्यालय को पुलिस ऑफिस से ही संचालित करेंगे। वहीं से जनसुनवाई करेंगे। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर निगरानी और दिशा निर्देश वहीं से जारी होंगे।



बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम नवंबर 2023 में बना था। जिसके कुछ दिनों बाद ही पुलिस आयुक्त का कार्यालय पुलिस लाइन में शिफ्ट कर दिया गया था लेकिन नए अधिकारी आए हैं तो उन्होंने अपना ठिकाना पुराने पुलिस ऑफिस को ही बनाया है। बताया जा रहा है यहां लंबे समय से पुलिस कमिश्नर नहीं बैठ रहे थे, यहां एडिशनल सीपी और कार्यवाहक एडिशनल सीपी जनसुनवाई और अन्य कार्रवाई करते थे। वैसे कमिश्नरेट सिस्टम से पहले यहीं पर एसएसपी-डीआईजी का कार्यालय होता था।




### लंबे समय बाद पुलिस ऑफिस में होगी कमिश्नर की एंट्री

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 2023 में कमिश्नरी सिस्टम लागू होने के बाद कुछ दिनों के लिए ही पुलिस आयुक्त पुलिस ऑफिस में कमिश्नर के तौर पर बैठे थे। इसके बाद उनका कार्यालय पुलिस लाइन शिफ्ट कर दिया गया था। फिर उसी कार्यालय पर एडिशनल सीपी जनसुनवाई और पब्लिक डीलिंग को देखते थे। पुलिस के अधिकारी जानकारी दे रहे हैं कि लंबे समय बाद पुलिस कमिश्नर की एंट्री पुलिस ऑफिस में कमिश्नर वाले रूम में होने वाली है।

### जल्द आसपास की व्यवस्थाएं होंगी दुरुस्त, ट्रैफिक जाम की समस्या पर होगा काम

करंट क्राइम : पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही पुलिस ऑफिस में कमिश्नर बैठने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वो शुक्रवार से ही यहां से अपनी वर्किंग की शुरुआत करेंगे। उनके बैठने के बाद यहां की तमाम व्यवस्थाएं और समस्याओं को दुरुस्त करने का काम शुरू होने वाला है। तो वहीं पुलिस ऑफिस और कलेक्ट्रेट में कचहरी परिसर के आसपास सड़क पर लगने वाला अतिक्रमण और जाम की समस्या को लेकर भी निदान दिलाना होगा, क्योंकि जब पुलिस के शीर्ष अधिकारी यहां बैठेंगे, तो उनसे मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के साथ ही पुलिस के अधिकारी और अन्य प्रमुख लोग भी पहुंचेंगे। ऐसे में पार्किंग की समस्या को लेकर जल्द ही कोई बड़ा सॉल्यूशन भी ढूंढना होगा वरना जाम इस पूरे इलाके के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनेगा और पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों की टेंशन बढ़ेगी।




### 18 को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि गुरुवार को बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की आपात बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता दीपक शर्मा ने की। इस बैठक में सर्व सहमति से पास किया गया है कि 18 अप्रैल को सचिव पद का चुनाव होना है। इसके कारण सभी अधिवक्ता चुनाव में व्यस्त रहेंगे, इसलिए 18 अप्रैल को न्यायिक कार्य से सभी अधिवक्ता चुनाव के मद्देनजर काम काज से विरत रहेंगे।

### सुरक्षा का भी रहेगा पूरा प्रबंध



करंट क्राइम : 18 अप्रैल को बार एसोसिएशन गाजियाबाद में सचिव पद के लिए पुन: मतदान होना है। बार के चुनाव को लेकर कचहरी और उसके आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी पर्याप्त संख्या में रहेगी। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि एसीपी कवि नगर और थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि चुनाव संबंधी सभी सुरक्षा मानकों का पालन करवाया जाए।

# सास-दामाद की लव स्टोरी : कहां-कहां गए राहुल-सपना ने सुनाई कहानी



**अलीगढ़।** यूपी में सास और होने वाले दामाद की लव स्टोरी इस समय अलीगढ़ और आस-पास के इलाकों में सुर्खियां बनी है। बीते छह अप्रैल को गांव मछरिया नगला निवासी राहुल थाना मडराक क्षेत्र के एक गांव निवासी अपनी होने वाली सास सपना को लेकर फरार हो गया था। बुधवार को करीब 2:00 बजे अपनी सास को लेकर थाना दादों पहुंचा। इस पर दादों पुलिस ने थाना मडराक पुलिस को सूचना दी। दोनों से पूछताछ की गई। अब दोनों ही एक दूसरे से अलग होने को तैयार नहीं है। बुधवार को सपना ने अपने होने वाले दामाद के साथ दादों थाने में कहा कि वह दोनों अपनी मर्जी से गए थे। दोनों जीवन भर साथ ही रहेंगे। हमें कोई अलग नहीं कर सकता।

पूछताछ में महिला सपना ने बताया आए दिन पति शराब पीकर मारपीट करता था। महिला ने बताया कि बेटी की शादी राहुल के साथ तय होने के बाद जब कभी-कभी राहुल का फोन आता था तो वह राहुल से बात करती थी, इसी बात पर बेटी भी तरह-तरह के आरोप लगाती थी इसके बाद पति भी गाली गलौज करते हुए राहुल के साथ भाग जाने की धमकी देता था।



**राहुल के पास निकले मात्र 70 रुपये :** राहुल के पास से मात्र 70 रुपये पुलिस को मिले, उसके पास जितने पैसे थे वह खर्च हो गए। उसका कहना था कि हम दोनों लोग एक साथ रहेंगे। परिवार वाले घर में नहीं रखते तो कहीं भी रहकर अपनी जिंदगी काटेंगे। महिला सपना ने भी राहुल के साथ जीवन बिताने की बात कही।

थाने में राहुल ने बताया कि छह अप्रैल को घर से कासगंज पहुंचे। इसके बाद बस से बरेली गए। एक दिन रुकने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंचे और वहां से नेपाल निकल गए। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल बंद कर रखा था। दो दिन पहले मोबाइल खोल कर देखा तो सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही थी। इसी को देखते हुए हम लोग मुजफ्फरपुर से दिल्ली आए और यहां से अलीगढ़ आने वाली बस में बैठकर मथुरा राया कट पर उतर गए। वहां से किराये पर कार लेकर थाना दादों पहुंचे हैं। इसके बाद उन्हें मडराक पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

**मडराक पुलिस पर नहीं भरोसा :** महिला सपना का कहना था कि उन्हें मडराक पुलिस पर भरोसा नहीं है। वह इसी कारण से थाना दादों पुलिस के पास आए हैं। महिला ने पूछताछ में बताया कि वह कोई भी जेवरात व नकदी लेकर अपने साथ नहीं गई थी। परिवार द्वारा लगाए गए आरोप निराधार थे।

## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# डिनोटिफाई नहीं होगी संपत्ति एक हफ्ते में जवाब देगा केंद्र

### कोर्ट की अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी

**नई दिल्ली:** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट में करीब 1 घंटे तक सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक सरकार को तीन निदेशों का पालन करना होगा। गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई के दूसरे दिन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अगर कोई वक्फ संपत्ति 1995 के कानून के तहत रजिस्टर्ड है तो उन संपत्तियों को नहीं छुआ जा सकता।




### डिनोटिफाई नहीं होगी वक्फ संपत्ति

साथ ही केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वह अगली सुनवाई तक ह्यवक्फ बाय डीडह्व और ह्यवक्फ बाय यूजरह्व को डी-नोटिफाई नहीं करेगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 5 मई की तारीख तय की।

### 110 से 120 फाइलों को पढ़ना संभव नहीं: रउ

सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ह्य110 से 120 फाइलों को पढ़ना संभव नहीं है। ऐसे में 5 ऐसे बिंदुओं पर फैसला करना होगा। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमत होने चाहिए। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों पर फैसला लें।

सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह कानून के खिलाफ दलील दे रहे हैं।

केंद्र ने हाल ही में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया, जिसे संसद के दोनों सदनों में तीखी बहस के बाद पारित होने के बाद 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। राज्यसभा में विधेयक के पक्ष में 128 और विरोध में 95 सदस्यों ने मतदान किया।

लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े। इस तरह यह दोनों सदनों से पारित हो गया।

## हाउस टैक्स से छूटे भवनों पर कार्रवाई के लिए नगर निगम में मंथन

# अपर नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारियों के साथ की बैठक

### सेल्फ एसेसमेंट के लिए करदाताओं को करें जागरूक : मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में हाउस टैक्स विभाग वृहद स्तर पर कर वसूली की कार्यवाही कर रहा है। जिसके क्रम में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा टैक्स विभाग के साथ बैठक की गई जिसमें विशेष रूप से ऐसे आवासीय अनावासीय भवन जो टैक्स के दायरे से छूटे हुए हैं उन पर कार्यवही करने हेतु योजना बनाई गई, मंथन किया गया। बैठक में समस्त जोनल प्रभारी व टीम उपस्थित रही।

मौके पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव द्वारा भी जोनल प्रभारी व टीम को करदाताओं को सेल्फ एसेसमेंट के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए।



### करदाताओं को सेल्फ एसेसमेंट की संपूर्ण जानकारी दी जाए : मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

करंट क्राइम। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत करदाताओं को सेल्फ एसेसमेंट की संपूर्ण जानकारी दी जाए, जोनल टीम को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा सम्मानित करदाताओं से भी ऑनलाइन तथा ऑफलाइन सेल्फ एसेसमेंट करने की अपील की जा रही है जिसके माध्यम से टैक्स वसूली को भी बढ़ावा मिलेगा, करदाताओं को भी सहूलियत रहेगी। बैठक वसुंधरा के जोनल प्रभारी एसके राय, विजयनगर से अंगद गुप्ता, कवि नगर से राजेश गुप्ता, मोहन नगर से आरपी सिंह, सिटी जोन से महेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे।

### 75 हजार से अधिक भवनों ने नहीं दिया हाउस टैक्स

करंट क्राइम। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगभग 75,000 से अधिक ऐसे भवन है जो कि टैक्स से छूटे हुए हैं। उन पर तत्काल टैक्स लगाने की कार्यवाही अमल में लाई जाए टीम को निर्देशित किया गया है। आगामी माह मे टैक्स वसूली बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे आवासीय तथा व्यावसायिक भवनों को भी टैक्स के दायरे में लाया जाएगा जो छूटे हुए हैं। सभी जोनल अधिकारियों को समय सीमा निर्धारित करते हुए टारगेट दिया गया है।

# पति-पत्नी और वो....सांप, जहर और मर्डर

## प्रेम-प्रसंग में हत्या : इश्क हुआ तो आंखों में खटकने लगा पति

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात में शनिवार रात बिस्तर पर जाते ही अमित ऐसा सोया कि फिर कभी नहीं उठ सका। अमित उर्फ मिक्की कश्यप (25) के नीचे दबने पर सांप ने उसे 10 बार डसा। इससे उसकी मौत हो गई।

रविवार सुबह तक सांप अमित के शव के नीचे दबा रहा। परिजन ने सपेरे को बुलाकर सांप को पकड़वाया। अमित को चिकित्सक को दिखाया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बुधवार को पोस्टमार्ट रिपोर्ट तो सामने आया कि अमित की मौत सांप के काटने से नहीं बल्कि उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी संग मिलकर की थी। सौरभ हत्याकांड जैसा ही एक और मामला उजागर हुआ। यहां बस जगह, नाम, किरदार और हत्या का तरीका बदला था। पढ़ें पूरा घटनाक्रम।

ग्रामीणों के अुनसार रविवार सुबह जब देखा तो अमित चारपाई पर मृत पड़ा था। उसके हाथ-पैर व शरीर पर 10 जगह सांप के डसने के निशान थे। परिजन का कहना है कि अमित रात में करीब 10 बजे मजदूरी करके आया था।





**थकने के कारण बिस्तर पर लेट गया था :** थकने के कारण वह खाना खाकर बिस्तर पर लेट गया था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब परिजन उसे कमरे जगाने के लिए पहुंचे तो उसके बिस्तर पर बैठे सांप को देखकर ठिठक गए जबकि अमित बिस्तर पर बेसुध पड़ा था।

परिजन ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर भी मौके पर आ गए। पुलिस और गांव महमूदपुर सिखेड़ा निवासी सपेरे को सूचना दी गई। सुबह करीब साढ़े सात बजे मौके पर पहुंचे सपेरे ने सांप को पकड़ा। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया :** अमित की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मिक्की शादीशुदा था। वह चार भाई और एक बहन में दूसरे नंबर का था। वह तीन बच्चों का पिता था। उसकी मौत के बाद तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

बुधवार शाम जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पता चला कि अमित कश्यप उर्फ मिक्की (25) की मौत वाइपर सांप के काटने से नहीं हुई थी। अमित की हत्या उसकी पत्नी रविता ने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की थी। इससे पहले पत्नी रविवार को पति की लाश के पास बैठकर रोने का नाटक करती रही।

दोनों आरोपियों ने गला दबाकर पहले हत्या की और फिर वारदात को हादसा दर्शाने के लिए जहरीला सांप उसके बिस्तर पर छोड़ दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने बुधवार देर रात दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात में अमित उर्फ मिक्की का शव रविवार सुबह उसके बिस्तर पर पड़ा मिला था।

## सीआईआई नेतृत्व ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

### उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को मजबूत करने और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन को गति देने पर चर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. उपासना अरोड़ा, चेयरपर्सन सी आई आई उत्तर प्रदेश एवं प्रबंध निदेशक-यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, संजय कपूर, अध्यक्ष, सीआईआई उत्तरी क्षेत्र एवं चेयरमैन, सोना कॉमस्टार और अभिषेक सराफ, उपाध्यक्ष, सीआईआई उत्तर प्रदेश एवं प्रबंध निदेशक, अवध रेल इन्फ्रा लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस भेंट का उद्देश्य उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को और सशक्त बनाना एवं राज्य में औद्योगिक विकास को गति देना था।

बैठक के दौरान संजय कपूर ने राज्य सरकार द्वारा बनाए गए प्रगतिशील नीतिगत वातावरण की सराहना की और उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सीआईआई की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने सीआईआई और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच मजबूत और विकसित होते सहयोग की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, और यह रेखांकित किया कि सीआईआई राज्य की विकासात्मक प्राथमिकताओं के अनुरूप नीति सलाह, उद्योग सुविधा और क्षेत्र-विशेष पहलों को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

डॉ. उपासना अरोड़ा, चेयरपर्सन, सीआईआई, उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार का उनके निरंतर समर्थन और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सीआईआई इस साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की आशा रखता है और विनम्रतापूर्वक राज्य सरकार से निरंतर सहयोग की अपेक्षा करता है, ताकि उद्योग के हित में, रोजगार सृजन और राज्य की समावेशी विकास यात्रा में सार्थक पहलों का संयुक्त रूप से सृजन किया जा सके।

# डेढ़ तौला सोने के लिए कातिल बना भंवर सिंह

## कुंडल के लिए कत्ल : हमदर्द बनकर घर बुलाई भाभी, बेरहमी से की हत्या

**मुजफ्फरनगर :** मुजफ्फरनगर जनपद के सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में सरोज की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। महिला घर से पशुओं के लिए जंगल में चारा काटने के लिए निकली थी। रास्ते में अपने घर के बाहर आरोपी भंवर सिंह महिला को पानी पिलाने के बहाने अपने घर में ले गया।

पानी पिलाने के दौरान सरोज के कानों में सोने के कुंडल देखकर लालच आ गया। आरोपी ने कुंडल छीन लिए, महिला ने घर बताने को बात कही तो वह डर गया और महिला की हत्या कर दी। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को बताया कि 11 अप्रैल को दोपहर के समय महिला दरांती लेकर पशुओं के लिए चारा काटने जा रही थी। अपने घर के बाहर उनका खानदानी देवर भंवर सिंह खड़ा मिला। इस दौरान दोनों बात करने लगे थे। आरोपी ने महिला को पानी पीकर जाने की बात कहते हुए घर में बुला लिया।



महिला के करीब डेढ़ तोला सोने के कुंडल देखकर आरोपी को लालच आ गया। पानी पिलाने के बाद महिला के कुंडल लूट लिए। महिला ने घर बताने को कहा तो आरोपी डर गया और उसने महिला के मुंह पर कपड़ा रखकर दबा दिया और उसकी हत्या कर दी।

इसके बाद शव को बोरे में बंद कर बाइक पर ले जाकर रजबहे में फेंक दिया। इसके बाद शव सरधना थाना क्षेत्र में सोमवार को बरामद हुआ। परिजनों ने पहले महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में हत्या की धारा में रिपोर्ट तरमीम कर आरोपी का नाम कार्रवाई में शामिल किया गया था।

**ऐसे पकड़ा गया आरोपी :** एसपी सिटी ने बताया कि हत्या करने के बाद आरोपी शव को बोरे में बंद कर बाइक पर ले जाकर रजबहे में फेंक कर आया था। पड़ोसी के घर लगे सीसीटीवी में आरोपी के जाने, खाली बाइक लेकर आने की फुटेज कैद हो गई थी।

बाइक पर बोरा नहीं दिखने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी को हाईवे पर बहादरपुर कट के पास से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर महिला के कुंडल व दरांती, आरोपी के कपड़े उसके घर से बरामद किए।

**गांव में अकेला रहता है आरोपी :** पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्ति का एक घर गांव और दूसरा घर नई मंडी कोतवाली के एटूजेड रोड पर बस्ती में है। वहां उसकी पत्नी व पुत्रवधू रहती है, उसके दो बच्चे हैं जिनकी वह शादी कर चुका है। बेटा बंगलुरू में नौकरी करता है। उधर, परिजन मिलने के लिए थाने पहुंचे तो आरोपी ने परिजनों से मिलने से भी मनाकर दिया।

# विवाह समारोह गोलीकांड के आरोपियों की धरपकड़ को पुलिस दे रही दबिश

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** जमीनी विवाद के चलते बेखौफ बदमाशों की ओर से किये गये गोलीकांड मामले में पुलिस की तीन टीमे लगातार आरापेपियों की धरपकड़ को दबिश दे रही है, लेकिन बदमाश पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो रहे है। घटना के तीन दिन बाद भी अभी तक कोई आरोपी पुलिस गिरफ्त में नही है। नामजद हुये आरोपी घटना के नामजद बाद से परिवार सहित गांव से पलायन कर गये हैं।

इस घटना का मुख्य आरोपी लोकेंद्र के खिलाफ नोएडा व निवाडी थाने में अपराधिक मामले दर्ज बताये गये हैं। गोलीकांड में घायल गजेंद्र की हालत खतरे से बाहर बतायी गयी हैं। बताते चले कि अंबेडकर जयंती वाली रात्रि में गांव डबाना के ग्राम प्रधान अजय की बेटी के विवाह समारोह में बेखौफ बदमाशो ने जमीनी रंजिश के चलते गांव के ही किसान गजेंद्र उर्फ मुन्नू को गोली मारकर घायल कर दिया था, जबकि उसके साथी गांव फिरोजपुर निवासी योगेश को पिस्टल की बट मारकर घायल किया था। इस मामले में घायल गजेंद्र के भाई विकास की ओर से गांव डबाना के ही लोकेंद्र, राहुल, कस्बा पतला निवासी चर्चिल व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच अधिकारी प्रभुदयाल ने बताया कि घटना जमीनी विवाद को लेकर हुई, जिसमें आरोपी लोकेंद्र ने कोर्ट में चल रहे मुकदमें को लेकर गजेंद्र पर फैसला करने का कई बार दबाव बनाया, इससे क्षुब्ध होकर ही इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना की सीसीटीवी फुटेज व डीवीआर पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली हैं। पुलिस टीम ने घटना के बाद जब आरोपियों की धरपकड के लिये दबिश दी तो आरोपी व उसके परिजन गांव से पलायन कर गये।

**घटना के तीन दिन बाद भी अभी तक कोई आरोपी पुलिस गिरफ्त में नही**

### यमुना की सफाई पर पीएम मोदी का जोर, प्रधानमंत्री आवास पर हुई अहम बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर यमुना नदी की सफाई और पुनरुत्थान की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए एक व्यापक बैठक की अध्यक्षता की।

**संबंध विच्छेद**

मैं सरदारी लाल कमल पुत्र स्वर्गीय बिरु राम निवासी बी 49 जनकपुरी मेन मार्किट साहिबाबाद गाजियाबाद अपने पुत्र मुकेश कमल को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक-662/सम्पत्तिकर/2025-26 दिनांक- 17.04.2025

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 207 "क" एवं "ख" व उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्तिकर) नियमावली 2000 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम सम्पत्तिकर (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2013 में स्वःकर निर्धारण किये जाने का प्राविधान है, जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त भवनस्वामियों/सम्पत्तिकरदाताओं के द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने-अपने भवनों का कर निर्धारण एवं पुनर्करनिर्धारण किये जाने के संबंध में संबंधित जोनल कार्यालय या नगर निगम की वेबसाईट **www.ghaziabadnagarnigam.in** से स्वःकर निर्धारण प्रपत्र एवं नवीन मासिक किराया दरों की सूची प्राप्त कर स्वःकर निर्धारण प्रपत्र भरकर संबंधित जोनल कार्यालय या नगर निगम की वेबसाईट **www.onlinegnn.com** पर सबमिट करायें। समस्त भवनस्वामियों/सम्पत्तिकरदाताओं के द्वारा स्वःकर निर्धारण प्रपत्र भरकर (आवश्यक अभिलेखों सहित) जमा करना अनिवार्य है, जमा न करने की स्थिति में नगर निगम के द्वारा स्वयं अपने स्तर से मौके पर परीक्षण करते हुए सम्पत्तिकर की गणना की जायेगी।

अतः उपरोक्तानुसार समस्त सम्मानित भवनस्वामियों/सम्पत्तिकरताओं से अपील है कि आप संबंधित जोनल कार्यालय एवं नगर निगम की वेबसाईट **www.ghaziabadnagarnigam.in** से स्वःकर निर्धारण प्रपत्र एवं नवीन मासिक किराया दरों की सूची प्राप्त कर स्वःकर निर्धारण प्रपत्र भरकर (आवश्यक अभिलेखों सहित) संबंधित जोनल कार्यालय या नगर निगम की वेबसाईट **www.onlinegnn.com** पर प्रकाशन की तिथि से आगामी 15 दिवस के अन्दर प्रत्येक दशा में जमा/सबमिट कराया जाना सुनिश्चित करें। नियत समय के अन्दर स्वःकर निर्धारण प्रपत्र जमा करके अनुमन्य छूट प्राप्त करें।

नगर आयुक्त
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





## भारत विकास परिषद नोएडा के अधिष्ठापन समारोह में बिखरा राष्ट्रभक्ति का रंग

# प्रतिष्ठित उद्यमी और समाजसेवी देवेन्द्र गंगल बने भारत विकास परिषद नोएडा के अध्यक्ष

### मुख्य अतिथि के तौर पर नोएडा सांसद महेश शर्मा रहे प्रमुखता से मौजूद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद नोएडा का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम के साथ भारत विकास परिषद के अधिष्ठापन समारोह की शुरूआत हुई। सेक्टर-51 में आयोजित इस कार्यक्रम में नोएडा की समाजिक हस्तियां पहुंची। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद नोएडा के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेन्द्र गंगल, सचिव राम रत्न शर्मा, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, संयोजिका महिला सहभागिता श्रीमती कंचन गुप्ता ने नए कार्यकाल वर्ष 2025-26 के लिए शपथ ग्रहण की और भारत विकास परिषद नोएडा के कार्यों सम्पर्क सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की चली आ रही परम्परा को और भी विकसित करने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा के सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा मौजूद रहे। नोएडा विधायक पंकज सिंह तथा अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे। भारत विकास परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष कवित बंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं अधिष्ठापन अधिकारी भारत विकास परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रांतीय महासचिव श्रीमती मुक्ता अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी पंकज जिंदल अतुल वर्मा एवं कुलदीप गुप्ता ने संभाली। इस अवसर पर शाखा संरक्षक मधुसूदन दादू, प्रताप मेहता सम्मेद शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अध्यक्ष देवेंद्र गंगल की अध्यक्षता में एक शानदार और यादगार कार्यकाल की कल्पना करते हुए उन्हें व उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

### व्यवसाय से लेकर समाज सेवा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नाम देवेन्द्र गंगल




करंट क्राइम। भारत विकास परिषद नोएडा के अध्यक्ष देवेन्द्र गंगल को बनाया गया है। देवेन्द्र गंगल एक प्रतिष्ठित व्यवसायी हैं और समाज सेवा के क्षेत्र में वो आगे रहते हैं। व्यवसाय हो या समाज सेवा हो देवेन्द्र गंगल के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। वो राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ काम करते हैं। देवेन्द्र गंगल ने समाजसेवा के क्षेत्र में काम किये हैं और उन्हें भारत विकास परिषद जैसी राष्ट्रवादी संस्था के अध्यक्ष पद की कमान दी गई है। देवेन्द्र गंगल ने इस अवसर पर कहा भी कि उनका उद्देश्य राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ समाजिक हितों को मानव कल्याण के लिए करना उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद की विचारधारा ही मानव कल्याण के साथ अपने देश का विकास और सम्मान है। मैं हमेशा इसी सिद्धान्त के साथ अपने कर्म पथ पर अग्रसर रहूंगा।

### विधायक पंकज सिंह ने कहा भारत विकास परिषद से जुड़ना मेरे लिए गर्व का विषय






करंट क्राइम। नोएडा विधायक पंकज सिंह भारत विकास परिषद के अधिष्ठापन समारोह में अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे थे। उनहोंने अपने सम्बोधन मे कहा कि मैंने जब से जन्म लिया है तब से मैं भारत विकास परिषद से जुड़ा हूं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है हम इस संस्था से जुड़े हैं। इस संस्था का नाम अपने आप में खुद बताता है कि इससे जुड़े सभी लोगों का ध्येय, लक्ष्य यदि कुछ है तो वो अपने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। भारत को विकास के रास्ते पर लेकर आगे लेकर जाना है। यही हम लोगों का लक्ष्य है और इस लक्ष्य के लिए हम सब मिलकर सामुहिक रूप से प्रयास करते हैं। इस अवसर पर नोएडा विधायक पंकज सिंह ने भारत विकास परिषद की नई टीम के पद भार ग्रहण करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर खास है। उन्होंने बताया कि यह दिन

इसलिए भी खास है कि आज नोएडा भी अपने स्वर्णजयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पंकज सिंह ने कहा कि नोएडा को बनाने में यहां के किसानों, उद्यमियों के साथ साथ तकनीकी और प्रबन्ध सेवाओं से जुड़े लोगों का योगदान रहा है। उन्होंने इसे नॉलेज हब बनाने में योगदान दिया है। नोएडा में आज विश्वस्तरीय अस्पताल है। जो एक बड़ी उपलब्धि है। नोएडा के स्वर्णजयंती वर्ष में प्रवेश करने पर सबको बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हम सब लोग मानव सेवा के लिए काम करने का संकल्प लेंगे और हमारा ये प्रसास रहेगा कि हम हमेशा समाजिक क्षेत्र में काम करें।








# मूल पुलिसिंग पर तेजी से काम शुरू करेंगे पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी

## बीट पुलिसिंग से लेकर, जनसुनवाई और जनप्रतिनिधियों के बनेंगे रजिस्टर

### - हर थाने के सभी पुलिसकर्मियों का तैयार होगा वर्किंग और कैरेक्टर का रिकॉर्ड



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए अधिकारी नई ऊर्जा के साथ आए हैं। वो पुलिस को सशक्त बनाने के लिए बीट पुलिसिंग और मैनुअल पुलिंसिंग के दौर को मजबूत बनाने का काम शुरु करेंगे।

इसके साथ ही जनसुनवाई से लेकर थानों में आने वाले शिकायती पत्रों का पूरा रिकॉर्ड और निस्तारण का पूरा रिकॉर्ड तैयार करना होगा। इसके साथ ही नए पुलिस कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पुलिस के द्वारा किसी भी ऐसे कार्य को संरक्षण न दिया जाए जिससे विभाग और अधिकारियों की छवि पर उंगली उठे।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को लाइन में लंबी बैठक चली है। जिसमें गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के गजेटेड अधिकारियों को कई तरीके के रजिस्टर, तो रिकार्ड दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। वहीं डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को थाने पर सीधी मॉनिटरिंग करनी होगी। इसके साथ ही अबतक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थाना प्रभारियों का पुलिस कमिश्नर से सीधा संवाद नहीं होता था, उसे भी शुरू किया जाएगा।

### हर थाने में तैयार होगा पुलिसकर्मियों का पूरा रिकॉर्ड



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों का एक रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। जिसमें उनका पद, उनका नाम, उनके द्वारा वर्किंग का रिकॉर्ड से लेकर अधिकारियों द्वारा उनको दिए गए रिमार्क को तैयार करना है। फिर यह रजिस्टर पुलिस कमिश्नर और वरिष्ठ अधिकारियों के पास जाएंगे। बताया जा रहा है कि इस रजिस्टर मेंटेन का मकसद सभी तैनात पुलिस कर्मियों के रिकॉर्ड और उनकी कार्यशैली को जानने के लिए करवाया जा रहा है। इससे पूरा रिकॉर्ड तैयार हो जाएगा।

### अब एसीपी करेंगे थाने के जनसुनवाई रजिस्टर की मॉनिटरिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के प्रत्येक थाने में जो जनसुनवाई रजिस्टर हैं, उसमें थाने के पुलिसकर्मी और प्रभारी कार्रवाई और वर्किंग करते हैं लेकिन अब इन रजिस्टर की मॉनिटरिंग उनके एसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे। साथ ही वह समय-समय पर यह जांच भी करेंगे की जनसुनवाई रजिस्टर में जो निस्तारण हो रहे हैं वह कितने सही और सटीक किया जा रहे हैं। इसके साथ ही जनसुनवाई वाले मामलों का वह लिटमस टेस्ट भी ले सकते हैं।

### बीट पुलिसिंग में लापरवाही पर होगी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीट पुलिसिंग में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर जल्द ही एक्शन भी शुरू होंगे। इसीलिए बीट पुलिसिंग पर फोकस करते हुए अधिकारियों द्वारा सभी प्रारूप बनाने और उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर वरिष्ठ अधिकारियों के सामने पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मीडिया सेल हुई एक्टिव , सोशल मीडिया पर नजर आएगा गुड वर्क

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने गुरुवार को चार्ज संभाल लिया है। तो गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम की मीडिया सेल भी एक्टिव मोड में नजर आ गई है। कई थाना प्रभारियों द्वारा साइबर अपराध के पैसे रिफंड करने की फोटो कागज पर लिखी हुई भेजी गई हैं। तो सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कई और बदलाव पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सोशल मीडिया सेल और सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले गुड वर्क को लेकर भी नजर आएंगे।

### जल्द शुरू होंगे औचक निरीक्षण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नर ने पहली ही मीटिंग में इशारा कर दिया है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट के थानों और अधिकारियों के कार्यालयों के औचक निरीक्षण शुरू होंगे। इसमें जल्द सुधार नजर आना चाहिए और व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए ताकि पुलिसकर्मियों की वर्किंग में सुधार भी हो।

### जनप्रतिनिधियों का बढ़ेगा सम्मान

करंट क्राइम : जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नर द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाए। वह अगर थाने या किसी अधिकारी के पास समस्या लेकर पहुंचते हैं ,तो उन्हें रजिस्टर में दर्ज करते हुए प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई हो और त्वरित कार्रवाई भी की जाए।

### बीट से लेकर 107/16 का रखना होगा पूरा डाटा



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह बीट पुलिसिंग पर अधिक फोकस रखेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक चौकी और थाना क्षेत्र में कितने लोगों पर 107-16 की कार्रवाई की गई है, कितने लोगों पर 151 के तहत कार्रवाई हुई। तो वहीं इलाके में रहने वाले हिस्ट्री शीटर से लेकर वांटेड का भी पूरा रिकॉर्ड रखना होगा ताकि अपराध नियंत्रण में भी पुलिस को कमिश्नरेट सिस्टम में मदद मिल सके।

## संपादकीय

# बाल तस्करी

कई बच्चे भीख मंगवाने वाले गिरोह के चंगुल में फंस जाते हैं। बच्चियां यौन शोषण का शिकार होती हैं। आदिवासी इलाकों से बच्चे रहस्यमय ढंग से लापता हो जाते हैं। थानों में उनकी सुनवाई नहीं होती। भारत में बाल तस्करी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण गरीबी है। भुखमरी, अशिक्षा और बेरोजगारी की वजह से गरीब परिवारों के बच्चे सर्वाधिक असुरक्षित हैं। आजीविका का साधन न होने के कारण लोग अपने बच्चों को किसी न किसी काम में लगा देते हैं। बाल तस्करों की नजर अस्पतालों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं पर ही नहीं, ऐसे बच्चों पर भी होती है जो ढाबों-होटलों और ईंट-भट्ठों पर काम कर रहे होते हैं। इन्हें अगवा कर बेच दिया जाता है।

कई बच्चे भीख मंगवाने वाले गिरोह के चंगुल में फंस जाते हैं। बच्चियां यौन शोषण का शिकार होती हैं। आदिवासी इलाकों से बच्चे रहस्यमय ढंग से लापता हो जाते हैं। थानों में उनकी सुनवाई नहीं होती। एक अस्पताल से नवजात शिशु के गायब होने और उसे बेचे जाने के मामले में शीर्ष न्यायालय ने उचित ही कड़ा रुख दिखाया है। इसमें दोराय नहीं कि बाल तस्कर समाज के दुश्मन हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट की चिंता वाजिब है। अगर अस्पतालों से शिशु गायब होते हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उनके लाइसेंस रद्द होने चाहिए।

पुलिस जल्दी दर्ज नहीं करती मुकदमा यह छिपी बात नहीं कि भारत में बच्चों को किस तरह अगवा कर उनका बचपन छीना जा रहा है। उन्हें बालश्रम और यौन कर्म में तो झोंका ही जाता है, अंग तस्करी का शिकार बना कर उनकी जान को जोखिम में डाल दिया जाता है। यह मानवीय गरिमा के खिलाफ है। ताजुब्ब है कि इस तरह की गतिविधियां पुलिस तंत्र की नाक तले वर्षों से चल रही हैं। एक तरफ तो बच्चों के गायब होने की रपट आसानी से लिखी नहीं जाती, दूसरी तरफ बहुत कम बच्चे तस्करों के चंगुल से छूट कर घर लौटते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, ओड़ीशा और मध्यप्रदेश में बाल तस्करी के मामले अधिक दर्ज होते हैं। यहां ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। हालांकि अभिभावकों के जागरूक होने से मामले दर्ज होने लगे हैं। वहीं देश भर की अदालतों में बाल तस्करी के कई मामले लंबित हैं। शीर्ष अदालत के ऐसे मामलों की जानकारी देने और जल्द सुनवाई पूरी करने के निर्देश से बाल तस्करी के मामलों पर लगाम लगने की उम्मीद बनी है।

# नीति आयोग के सीईओ बोले: तीन साल में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी और जापान से बड़ी हो जाएगी



**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बन सकता है, क्योंकि अन्य सभी चीजों को अलग रखते हुए भारत का सबसे बड़ा लाभ इसका लोकतंत्र है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन साल में जर्मनी व जापान से बड़ी हो जाएगी। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है।

नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बन सकता है, क्योंकि अन्य सभी चीजों को अलग रखते हुए हमारे देश का सबसे बड़ा लाभ इसका लोकतंत्र है। उन्होंने कहा, फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले साल के अंत तक हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएंगे। उसके बाद के वर्ष में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएंगे।

आईएमएफ के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा, हम तीन साल में जर्मनी और जापान से भी बड़े हो जाएंगे। 2047 तक हम दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) हो सकते हैं। सुब्रह्मण्यम ने कानूनी फर्मों और लेखा फर्मों सहित भारतीय कंपनियों से विश्व में अग्रणी बनने की आकांक्षा रखने की बात कही। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि मध्यम आय वाले देशों की समस्याएं निम्न आय वाले देशों की समस्याओं से बहुत भिन्न हैं।

उन्होंने कहा, इसका संबंध गरीबों को भोजन कराने या नंगे लोगों को कपड़े पहनाने से नहीं है। इसका संबंध इस बात से है कि आप ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था कैसे बनें। सुब्रह्मण्यम ने बताया कि दुनिया ने कभी ऐसी स्थिति नहीं देखी है जहां जनसंख्या घटेगी। उनके अनुसार, जापान 15,000 भारतीय नर्सों को ले रहा है, जर्मनी 20,000 स्वास्थ्य कर्मियों को ले रहा है, क्योंकि उनके पास लोग नहीं हैं, और वहां पारिवारिक व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा, भारत विश्व भर में कामकाजी आयु वर्ग के लोगों का एक स्थिर आपूर्तिकर्ता होगा...यह हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी।

## शेयर बाजार में बंपर उछाल, सेंसेक्स और 1500 अंक चढ़ा, निफ्टी 23800 के पार



**नई दिल्ली।** 30 शेयरों वाला बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1508.91 (1.96%) अंक चढ़कर 78,553.20 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों का सूचकांक एनएसई निफ्टी 414.45(1.77%) अंक मजबूत होकर 23,851.65 के स्तर पर बंद हुआ। आइए जानते हैं शेयर बाजार में आज क्या-क्या हुआ। हफ्ते का आखिरी कारोबारी दिन एक बार फिर बाजार के लिए गुलजार साबित हुआ। 30 शेयरों वाला बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1508.91 (1.96%) अंक चढ़कर 78,553.20 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों का सूचकांक एनएसई निफ्टी 414.45(1.77%) अंक मजबूत होकर 23,851.65 के स्तर पर बंद हुआ।

## ईडी की तलाशी के बाद ईज माय ट्रिप की सफाई, महादेव या किसी अन्य बेटिंग एप से कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को अलग-अलग लोगों और कॉरपोरेट्स से जुड़े 50 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। इनमें स्थानो में एक ईजमाईट्रिप का गुरुग्राम कार्यालय भी था। अब इस मामले में ईजमाईट्रिप ने अपनी सफाई दी है। कंपनी ने एएनआई को बताया कि ईजमाईट्रिप का महादेव बेटिंग एप या किसी अन्य बेटिंग प्लेटफॉर्म से कोई संबंध नहीं है।

## टैरिफ वार से अमेरिका में बढ़ेगी महंगाई
### सेंट्रल बैंक के प्रमुख बोले- आगे की राह मुश्किल



**नई दिल्ली।** अमेरिका में केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पास रोजगार बढ़ाने और महंगाई को नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी है। पॉवेल ने चेतावनी दी है कि टैरिफ वार के चलते रोजगार और महंगाई दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए टैरिफ से वैश्विक व्यापार युद्ध छिड़ गया है और इसका असर विभिन्न उद्योगों पर पड़ा है। अब अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने चेतावनी दी है कि टैरिफ वार के चलते महंगाई बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन में जो नीतिगत बदलाव किए गए हैं, उनकी वजह से केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की परेशानी बढ़ सकती है।

### टैरिफ का अमेरिका अर्थव्यवस्था पर हो सकता है स्थायी असर

शिकागो में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जेरोम पॉवेल ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने जो टैरिफ बढ़ाए हैं, वे उम्मीद से कहीं ज्यादा हैं और इससे बनी अनिश्चितता की स्थिति अर्थव्यवस्था पर स्थायी असर डाल सकती है। पॉवेल ने कहा कि सरकार ने बहुत ही नीतिगत बदलाव किया है और इस बारे में क्या किया जाए, इसका हमें कोई अनुभव नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका में केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पास रोजगार बढ़ाने और महंगाई को नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी है। पॉवेल ने चेतावनी दी है कि टैरिफ वार के चलते रोजगार और महंगाई दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

### अमेरिका के शेयर बाजार में देखी गई भारी गिरावट

टैरिफ वार के चलते अमेरिका में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। नैस्डैक में चार प्रतिशत से ज्यादा और एसएंडपी में तीन प्रतिशत से ज्यादा की कमी देखी गई। एनवीडिया जैसी कंपनियों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है क्योंकि अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए टैरिफ से कंपनी की लागत काफी बढ़ जाएगी। इसी तरह कई अन्य कंपनियां भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि टैरिफ के चलते अल्पकालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन लंबे समय में अमेरिका को इससे फायदा होगा।

## फिच ने भारत का वृद्धि दर अनुमान 10 आधार अंक घटाकर 6.4% किया, वैश्विक व्यापार युद्ध बढ़ने का असर




**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी 'गंभीर' चिंताओं को देखते हुए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एजेंसी ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 10 आधार अंक घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया।

फिच रेटिंग्स ने वैश्विक व्यापार युद्ध से जुड़ी 'गंभीर' चिंताओं को देखते हुए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एजेंसी ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 10 आधार अंक घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, अगले वित्त वर्ष के लिए एजेंसी ने अपने अनुमानों को बरकरार रखा है। फिच ने तिमाही वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) पर अपने विशेष अपडेट में कहा, अमेरिकी व्यापार नीति के बारे में पूरे विश्वास के साथ भविष्यवाणी करना कठिन है। नीतिगत अनिश्चितता के कारण व्यापार निवेश की संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं, इक्विटी कीमतों में गिरावट से घरेलू संपत्ति में कमी आ रही है, तथा अमेरिकी निर्यातकों पर जवाबी कार्रवाई का असर पड़ेगा।

फिच ने अपने मार्च जीईओ से 2025 में विश्व विकास अनुमानों में 0.4 प्रतिशत अंकों की कटौती की तथा चीन और अमेरिका की वृद्धि में 0.5 प्रतिशत अंकों की कटौती की। इसमें कहा गया है, वैश्विक व्यापार युद्ध में हाल ही में हुई तीव्र वृद्धि के जवाब में फिच रेटिंग्स के विश्व विकास के पूर्वानुमानों को तेजी से कम कर दिया गया है। इस वर्ष विश्व विकास दर 2 प्रतिशत से नीचे आने का अनुमान है; महामारी को छोड़कर, यह 2009 के बाद से सबसे कमजोर वैश्विक विकास दर होगी। भारत के बारे में फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 और मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान में 10 आधार अंकों की कटौती कर क्रमशः 6.2 प्रतिशत और 6.4 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है।

फिच के अनुसार अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर 2025 तक 1.2 प्रतिशत पर सकारात्मक रहने की उम्मीद है। फिच के अनुमानों के अनुसार, चीन की वृद्धि दर इस वर्ष और अगले वर्ष दोनों में 4 प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद है, जबकि यूरोजोन में वृद्धि 1 प्रतिशत से काफी नीचे अटकी रहेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमाते हैं वे अधिक दयालु, विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।

## राशिफल

**मेषः** संयत रहें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृषः** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार के विस्तार में भाई-बहन का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुनः** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कर्कः** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंहः** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। क्रोध से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कन्याः** आत्मविश्वास रहेगा, परन्तु आपसी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुलाः** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिकः** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**धनुः** आत्मसंयत रहें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकरः** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। व्यर्थ की परेशानियों से चिंतित रहेंगे। कारोबार में वृद्धि हो सकती है, परन्तु कुछ कठिनाइयां अभी बनी रहेंगी।

**कुंभः** आत्मविश्वास में कमी एवं मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मीनः** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

## चुटकुले

संता- डॉक्टर चश्मा लगने के बाद मैं पढ़ तो सकूंगा ना...?
डॉक्टर- हां बिल्कुल...
संता- फिर ठीक है डॉक्टर, नहीं तो अनपढ़ आदमी की जिंदगी भी कोई जिंदगी है...!!

---

वोटर- ये जो उंगली पर स्याही लगाई गई है, ये कितने दिन में निकलेगी?
चुनाव अधिकारी- तीन महीने में।
वोटर- मेरे बालों पर भी लगादो प्लीज... डाई तो 15 दिन में ही निकल जाती है।

---

पति- तुम इतना क्यों चिल्लाती हो?
पत्नी- क्योंकि हर बार गलती तुम ही करते हो।
पति- काश तू एक बकरी होती।
पत्नी- तो फिर क्या करते?
पति- फिर मैं तुझसे पूछता कि बता कौन ज्यादा गलती करता है।
और तुम चिल्ला के बोलती- 'मैं...मैं...मैं...'




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# नीरज चोपड़ा की दमदार वापसी 84.52 मीटर दूर भाला फेंक कर दक्षिण अफ्रीका में जीता टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरूआत की है। नीरज ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया।



### जेलेज्नी की देखरेख में काम कर रहे नीरज

नीरज अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। जेलेज्नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। वह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

### डौव स्मिथ से आगे रहे नीरज चोपड़ा

भारतीय स्टार नीरज दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर का था। नीरज का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। इस प्रतियोगिता में सिर्फ दो खिलाड़ियों नीरज और स्मिट ने ही 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### जेलेज्नी की देखरेख में 90 मीटर छूना चाहेंगे नीरज

नीरज ने 2020 टोक्यो (स्वर्ण) और 2024 पेरिस (रजत) ओलंपिक खेलों में लगातार दो पदक जीते। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं। जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं। 1996 में जर्मनी में 98.48 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। उन्होंने चार मौकों पर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# 6 साल बाद लौट रही टी20 लीग, रोहित शर्मा भी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली:** भारत के लगभग हर राज्य अपनी टी20 लीग करवाने लगी है। मुंबई की भी टी20 लीग हुआ करती थी लेकिन कोरोना की वजह से बंद होने के बाद यह शुरू ही नहीं हो पाए। मुंबई क्रिकेट टीम भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे सफल टीम है। भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा से लेकर टी20 के कप्तान सूर्यकुमार यादव मुंबई से हैं। अब टी20 मुंबई लीग 6 साल बाद एक बार फिर शुरू होने जा रही है।





### रोहित बनाए गए एम्बेसडर

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने रोहित शर्मा को इस लीग का एम्बेसडर बनाया है। एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका। यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं।

### 2800 से ज्यादा आवेदन मिल चुके

मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी शॉ हैं। इन खिलाड़ियों को आइकन प्लेयर बनाया जा सकता है। इन्हें टूर्नामेंट में खेलने के लिए एमसीए 15 लाख रुपये देने पर विचार कर रही है। टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, हमने उनके लिए खेलना अनिवार्य नहीं किया है, लेकिन हम उनसे टी20 मुंबई लीग में खेलने की पूरी उम्मीद करते हैं। उनकी भागीदारी से मुंबई क्रिकेट को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और खिलाड़ियों और लीग को लाभ होगा। एमसीए को 2025 संस्करण के लिए 2,800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। आईपीएल के बाद मुंबई की इस टी20 लीग का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान छह टीमें नॉर्थ मुंबई पैंथर्स, एआरसीएस अंधेरी, ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट, नमो बांद्रा ब्लास्टर्स, ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स और आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबर्ब्स हैं।

# खेल निकायों के मामलों की गहन जांच के लिए जांच आयोग गठित करने पर विचार कर रहा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश में खेल संघों के मामलों की गहन जांच के लिए जांच आयोग गठित करने का संकेत दिया और कहा कि खेल गतिविधियों के अलावा उनमें हर तरह की चीजें हो रही हैं। दो राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह बात कही। दो कबड्डी खिलाड़ियों ने पहले एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) और इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन के मामलों की सीबीआई जांच के लिए विचार मांगे थे।

पीठ ने कहा, 'हम कबड्डी संघों के मामलों की गहन जांच के लिए जांच आयोग गठित करने के पक्ष में हैं, क्योंकि इन निकायों में खेल गतिविधियों के अलावा भी कई तरह की चीजें हो रही हैं। इसके बाद हम जांच आयोग का दायरा अन्य खेल संघों तक बढ़ाने का इरादा रखते हैं।' केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता केएम नटराज ने कहा कि पीठ के चार फरवरी के आदेश के अनुसार खिलाड़ियों को ईरान में टूनार्मेंट के लिए भेजा गया था, जहां उन्होंने जीत हासिल की और स्वर्ण पदक जीता। नटराज ने कहा कि जहां तक सीबीआई जांच का सवाल है, इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

उन्होंने इस पर काम करने के लिए दो और सप्ताह मांगे, जिसके बाद पीठ ने कहा कि वह देश के सभी राज्य और अंतरराष्ट्रीय खेल संघों के मामलों की जांच करेगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें भंग कर देगी। शीर्ष अदालत ने खेल संघों के कामकाज और जरूरी जांच पर सुझाव देने के लिए कई पूर्व खिलाड़ियों और मौजूदा खिलाड़ियों के हस्तक्षेप के आवेदनों को स्वीकार कर लिया और सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की।

शीर्ष अदालत ने छह फरवरी को अङत्रक्क के प्रशासक और पूर्व न्यायाधीश एस पी गर्ग को ईरान में 20 फरवरी से शुरू होने वाले एक खेल आयोजन में खिलाड़ियों की भागीदारी की अनुमति देने के लिए अपने निर्वाचित शासी निकाय को प्रभार



सौंपने के लिए कहा। शीर्ष अदालत प्रियंका और पूजा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में भेजने के लिए एकेएफआई को निर्देश देने की मांग की गई थी।

इससे पहले न्यायालय ने केंद्र को खेल संघों, खास तौर पर भारतीय कबड्डी महासंघ की मान्यता को लेकर विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक माध्यमों की तलाश करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने कहा, 'सीबीआई के निदेशक खेल महासंघ के मामलों में इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों की सहायता से प्रभावी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए जांच तंत्र का सुझाव देंगे।'

न्यायालय ने यह भी जानना चाहा कि कबड्डी खिलाड़ियों और अन्य खिलाड़ियों को ईरान में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। पिछले साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने एकेएफआई की मान्यता समाप्त कर दी थी, जिससे कबड्डी टीमों को कई वैश्विक आयोजनों में भाग लेने से रोक दिया गया था।

शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर करने वाली महिला खिलाड़ियों ने केंद्र को एकेएफआई की मान्यता बहाल करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की। अर्जुन पुरस्कार विजेता दो पूर्व खिलाड़ियों ने भी मामले में हस्तक्षेप किया है और अपने वकील वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन के माध्यम से न्यायालय को एकेएफआई के मामलों से अवगत कराया है।

# जोफ्रा आर्चर के रहते संदीप शर्मा से सुपर ओवर क्यों कराया?

**नई दिल्ली:** जिस टीम में जोफ्रा आर्चर हों और वह सुपर ओवर में संदीप शर्मा से गेंदबाजी करवाए ये बात कुछ हजम नहीं होती। संदीप शर्मा अब अपने पीक पर भी नहीं हैं और न ही उनकी फॉर्म उस तरह की है। संदीप शर्मा को 12 रन बचाने का लक्ष्य मिला था, जबकि 4 गेंदों में ही वह एक चौका और एक छक्का के रूप में दो बाउंड्री खाकर राजस्थान को हार के लिए मजबूर कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इतिहास रच। उसने आईपीएल में चार सुपर ओवर खेले और सभी में जीत दर्ज की। मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नीतीश राणा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सुपर ओवर में जोफ्रा आर्चर की जगह संदीप शर्मा को गेंदबाजी सौंपने के फैसले का बचाव किया।

साथ ही मेजबान टीम को मुकाबले में वापसी दिलाने का श्रेय तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व कप फाइनल में सुपर ओवर डाल चुके आर्चर ने बुधवार को हुए मुकाबले में प्रभावी गेंदबाजी की थी लेकिन टीम ने सुपर ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी संदीप को सौंपी। नीतीश ने सुपर ओवर में संदीप शर्मा को गेंद सौंपने और उन्हें बल्लेबाजी के लिए नहीं उतारने के फैसले का भी बचाव किया।

रॉयल्स के लिए 28 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से 51 रन की पारी खेलने वाले नीतीश ने कहा, किसे गेंदबाजी या बल्लेबाजी के लिए भेजना है यह कभी भी एक व्यक्ति का फैसला नहीं होता। कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों के साथ टीम प्रबंधन और सहायोगी स्टाफ सभी चीजों पर चर्चा करते हैं और उसके बाद फैसला करते हैं। मुझे लगता है कि अगर नतीजा हमारे पक्ष में होता तो शायद इस बारे में बात





नहीं होती। उन्होंने कहा, सैंडी (संदीप) अगर हमें मैच जिता देता तो फिर कोई यह सवाल नहीं पूछता। मुझे लगता है कि इस स्थिति में सैंडी हमारे पास सबसे उपयुक्त गेंदबाज था। इसी तरह अगर हमारे बल्लेबाज हमें जीत दिला देते तो फिर कौन बल्लेबाजी के लिए उतरा इस पर भी बात नहीं होती। शिमरोन हेटमायर हमारा फिनिशर है और वह हमें मैच जिताता आया है। हमने बल्लेबाजी में कम रन बनाए, अगर 15 रन तक बने होते तो शायद चीजें अलग होतीं। नीतीश ने मुकाबले में दिल्ली को वापसी दिलाने का श्रेय स्टार्क को दिया। नीतीश ने कहा, इस विकेट पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं थी। नए बल्लेबाज को थोड़ी परेशानी हो रही थी क्योंकि गेंद भी रुककर आ रही थी। स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की। लार के इस्तेमाल की स्वीकृति से काफी फर्क पड़ा है। स्टार्क ने जो रिवर्स स्विंग हासिल किया उसके लिए उन्हें पूरा श्रेय जाता है।

उन्होंने कहा, पिछले दो-तीन साल में हम लोगों ने लार हा इस्तेमाल नहीं किया था इसलिए नेट्स पर भी इस तरह से बल्लेबाजी का अभ्यास नहीं किया। अगर आखिरी दो ओवर में कोई 12 में से 11 सटीक यॉर्कर डाले तो चीजें आसान नहीं होती।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को 31 रन की पारी खेलकर रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा लेकिन नीतीश ने कहा कि उनकी चोट शायद इतनी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा, मेरी अभी इस बारे में किसी से बात नहीं हुई है लेकिन ड्रेसिंग रूम का माहौल देखकर नहीं लगता कि चोट गंभीर है।

# दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर बीसीसीआई ने ठोक दिया जुमार्ना

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में पहली बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए टीम के सहयोगी स्टाफ के किसी एक सदस्य को सजा दी।



दिल्ली कैपिटल्स ने 16 अप्रैल को राजस्थान पर नाटकीय जीत दर्ज की और इसके बाद इस टीम के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर फाइन लगाया गया। मुनाफ पटेल को आचार संहिता का पालन नहीं करने के लिए एक डिमेरिट अंक दिया गया साथ ही मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाने की घोषणा की गई। आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि मुनाफ पटेल ने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार कर लिया जो खेल भावना के विपरीत था साथ ही उन्होंने मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को भी स्वीकार कर लिया।

हालांकि आईपीएल की तरफ से उनकी तरफ से की गई अपराध के बारे में कुछ नहीं बताया गया, लेकिन ऐसा लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स के द्वारा 188 रन से टारगेट का बचाव करने के दौरान मुनफ की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई थी, ये शायद उसकी वजह से हुआ। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मुनाफ पटेल एक अधिकारी के साथ बहस करते हुए नजर आ रहे हैं।

इस सीजन में इससे पहले दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल पर भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। इस मैच में दिल्ली को हार मिली थी। वहीं 16 अप्रैल को राजस्थान के खिलाफ दिल्ली का मुकाबला टाई हो गया था क्योंकि दोनों टीमों ने 188 रन बनाए थे। इसके बाद खेल सुपर ओवर में चला गया और दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए राजस्थान को 11 रन पर रोक दिया। इसके बाद केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने सिर्फ चार गेंदों में लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

# आरसीबी में फिनिशर की भूमिका का आनंद उठा रहे हैं जितेश शर्मा, बोले- 20-30 रन मेरे लिए अर्धशतक के समान

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा आईपीएल 2025 में फिनिशर की भूमिका का आनंद उठा रहे हैं। जितेश ने चार पारियों में 154.38 के स्ट्राइक रेट और 29.33 के औसत से 88 रन बनाए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 21 गेंदों पर 33 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 19 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली थी। जितेश ने फिनिशर की भूमिका पर बातचीत की और बताया कि किस तरह ओपनर की तुलना में अब उनका जीवन बदल गया।



### छठे नंबर पर उतर रहे हैं जितेश

जितेश इस आईपीएल में छठे नंबर पर उतर रहे हैं। इस युवा खिलाड़ी ने बताया कि पहले वह अर्धशतक और शतक बनाया करते थे, लेकिन अब 20-30 रन का स्कोर उनके लिए नया मील का पत्थर बन गया है। जितेश ने कहा, अब हर कोई फिनिशर ही है, लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था।

जितेश ने कहा, पहले मैं ओपनर था तो अर्धशतक और शतक लगाता था। कोई भी उपलब्धि हासिल करने पर बल्ला उठाना अच्छा लगता था, लेकिन जब से फिनिशर बना हूं अर्धशतक भी नहीं लगाया। बस 30-40 रन बनाता हूं। अब ये स्कोर ही पचास के जैसे हैं। अगर आप 30 गेंद में 60 या 70 रन बना रहे हैं तो यह शतक जैसा है। मैं खुश हूं अगर टीम जीत रही है तो। जितेश ने कहा कि विकेटकीपर होने से उन्हें पिच और विरोधी बल्लेबाज को बेहतर समझने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, आपका दिमाग थक जाता है। फायदा यह है कि आप वहां से खेल पर नियंत्रण कर सकते हैं। आपको पता चल जाता है कि आपकी टीम के गेंदबाज इस विकेट पर क्या कर सकते हैं। आप दूसरी टीम के बल्लेबाजों को भांप सकते हैं।

# सुपर ओवर में दिल्ली कैपिटल्स से हार पर फूटा संजू सैमसन का गुस्सा

**नई दिल्ली:** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन निराश थे। संजू सैमसन खुद इस मैच में चोटिल होने के कारण अपना पूरा योगदान नहीं दे पाए। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच यह मुकाबला अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। मैच में दिल्ली की टीम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में राजस्थान भी पारी के अंतिम ओवर में 180 रन ही बना सकी, जिससे मैच टाई हो गया।

सुपर ओवर में चोट के कारण संजू सैमसन बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे थे। सुपर ओवर में राजस्थान ने 11 बनाए। इसके जवाब में दिल्ली ने चौथी



गेंद पर 13 रन बनाकर मैच को जीत लिया। दिल्ली के खिलाफ मिली इस निराशाजनक हार के बाद कप्तान संजू सैमसन ने कहा, 'मुझे लगा कि हमारी बैटिंग लाइनअप के लिए यह स्कोर चेज करने लायक था। पावरप्ले में हमें अच्छी शुरूआत मिली थी। मुझे लगा कि यह निश्चित रूप से एक हासिल किया जा सकने वाला स्कोर था। हालांकि, दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच को हमसे दूर कर दिया।'

सुपर ओवर में संदीप से गेंदबाजी कराने पर संजू ने कहा, 'संदीप में हमारे लिए पिछले कुछ समय से कई बार मुश्किल ओवर डाले और उन्हें सफलता भी मिली, लेकिन इस मैच में वह प्रभावी नहीं रहे। क्रिकेट में ऐसा होता है। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से मुश्किल ओवरों में मिचेल स्टार्क ने बेहतर प्रदर्शन कर मैच को हमसे छीन लिया।'

### मिचेल स्टार्क को दिया जीत का श्रेय

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने विरोधी टीम के मिचेल स्टार्क को जीत का श्रेय देते हुए कहा, 'निश्चित रूप से हम बल्लेबाजी में पिछड़े। हम सबने मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी को देखा। मैं दिल्ली को मिली जीत का पूरा श्रेय मिचेल स्टार्क को दूंगा। उन्होंने 20वें ओवर में जिस तरह से गेंदबाजी की उन्होंने वहीं पर मैच को जीत लिया।'

# संदीप शर्मा से भी 'महान' गेंदबाज, 1 ओवर में फेंकीं 22 गेंदें, आधा घंटा टाइम और बने 77 रन!



**नई दिल्ली:** आईपीएल 2025 के 32वें मैच में राजस्थान रॉयल्स क तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने पारी का आखिरी ओवर करते हुए कुल 11 गेंद डाले। 11 गेंद के इस ओवर में संदीप शर्मा ने 4 वाइड और 1 नो बॉल डाली। उनके इस लंबे ओवर में कुल 19 रन बने और यही ओवर टीम की हार का कारण भी रहा। ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या संदीप शर्मा ने क्रिकेट इतिहास में सबसे लंबा ओवर डालने का रिकॉर्ड बनाया है? क्योंकि क्रिकेट में नियम के अनुसार एक ओवर में सिर्फ 6 गेंद ही डाले जा सकते हैं। ऐसे में अगर आप राजस्थान रॉयल्स के संदीप शर्मा को लेकर ये सोच है कि उन्होंने इस खेल का सबसे लंबा ओवर डाला है तो आप गलत हैं। बता दें कि क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में अलग-अलग गेंदबाज के नाम सबसे लंबा ओवर डालने का रिकॉर्ड दर्ज है। ऐसे में आइए जानते हैं क्रिकेट में फर्स्ट क्लास (टेस्ट), वनडे और टी20 में सबसे लंबा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज के बारे में।

घरेलू क्रिकेट टूनार्मेंट के मुकाबलों में पहले के समय बहुत अधिक सुविधाएं भी नहीं होती थी। ऐसे में ब्रेट वेंस अगर 22 गेंद का ओवर किया तो उसे पूरा होने में कम से कम आधे घंटे का समय तो जरूर लगा होगा। वहीं फर्स्ट क्लास यानी इंटरनेशनल मान्यता वाले टेस्ट मैच की बात करें सबसे लंबा ओवर डालने का रिकॉर्ड महान कर्टनी एंब्रोस के नाम है। उन्होंने 1997 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में 15 गेंदों में ओवर पूरा किया था।

इसके अलावा वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट की बात करें तो इस फॉर्मेट में सबसे लंबा ओवर डालने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद समी के नाम है। शामी ने एशिया कप 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 17 गेंद में ओवर को समाप्त किया था। इस ओवर में शामी ने 7 वाइड और 4 नो बॉल किए थे, जिसमें कुल 22 रन बने थे। वनडे क्रिकेट इतिहास का यह सबसे लंबा ओवर है। टेस्ट और वनडे के बाद अब बात करते हैं टी20 क्रिकेट की। टी20 क्रिकेट में सबसे लंबा ओवर डालने का रिकॉर्ड आइवोरी कोस्ट के गेंदबाज कोउआकोउ विल्फ्रेड के नाम दर्ज है।

### ब्रेट वेंस, टेस्ट में 22 गेंद का ओवर

इस लिस्ट में पहला नाम आता है न्यूजीलैंड के ब्रेट वेंस का। कथित रूप से ब्रेट वेंस के नाम क्रिकेट इतिहास में सबसे लंबा ओवर फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज है। वेंस ने न्यूजीलैंड के एक घरेलू फर्स्ट क्लास मैच में 22 गेंद में अपने ओवर पूरे किए थे। इसमें उनके 17 नो बॉल थे। वेंस के इस ओवर में कुल 77 रन बने थे। यह घटना 20 फरवरी 1990 की है।

# वान्या और आशीष का शुभ-विवाह वेदान्ता फार्म हाऊस में धूमधाम से सम्पन्न





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वान्या और आशीष का शुभ विवाह बुधवार को वेदान्ता फार्म हाऊस के नायब हॉल में धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।




## सावधान शुरु होने वाले हैं थाने के निरीक्षण

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारी बदले हैं, तो हालात बदलने की ओर भी इशारा किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही थानों के निरीक्षण शुरू होने वाले हैं। वहीं नए पुलिस कमिश्नर के चार्ज लेने के बाद ही गुरुवार को सिटी से लेकर देहात जोन के कई थानों में साफ –सफाई और गंदगी हटाने का काम थानों से शुरू करवा दिया गया है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में थानों का औचक निरीक्षण और विधिवत निरीक्षण शुरू होने वाला है। बताया जा रहा है कि एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह खुद भी सप्ताह में दो बार अपने सर्किल के थानों का निरीक्षण करेंगे। एक बार दोपहर के समय और एक बार रात में भी। बताया जा रहा है कि नए पुलिस कमिश्नर ने पहली मुलाकात में ही अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है कि जनसुनवाई बेहतर हो। फरियादियों को परेशान ना किया जाए । जनता को परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों पर तत्काल एक्शन हो। इसके साथ ही हर थानेवार पुलिस स्टाफ का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। उनकी वर्किंग और रिमार्क सिस्टम भी अधिकारी के टेबल तक पहुंचेगी। इसके साथ ही कमिश्नरेट के उन अधिकारियों को भी आक्सीजन प्रदान की गई है, जो लंबे समय से साइड लाइन या वेटिंग में रखे जा रहे थे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पहली ही मीटिंग काफी लंबी रही है। साथ ही दिशा–निर्देश भी स्पष्ट और अनुपालन करने के आदेश में दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि जिस तरीके से थानों की सफाई वाला काम शुरू हुआ है। तो वही आने वाले दिनों में निरीक्षण का सिलसिला शुरू होगा। इसके कुछ समय बाद लापरवाही मिलने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई वाला एक्शन भी शुरू होगा। उधर सूत्र बता रहे हैं कि चार्ज लेने के बाद नए पुलिस कमिश्नर वर्किंग वाले मोड में आ गए हैं। वह अपनी वर्किंग और जनसुनवाई के लिए इससे पिछले कमिश्नरेट में लंबी पारी खेल कर आए हैं। तो यहां पर भी उन्होंने काम को पहली प्राथमिकता और ईमानदारी को आधार बनाने का निर्देश दिया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी से लेकर देहात और नदिया पार तक के थानों में जल्द ही सफाई, रंगाई, पुताई और दागी पुलिसकर्मियों को हटाने का काम तेजी के साथ शुरू होने वाला है, ऐसी जानकारी सूत्र दे रहे हैं। उधर चर्चा है कि कमिश्नरेट सिस्टम में इस बार के निरीक्षण पहले के मुकाबला गुप्त नहीं होंगे। इसका असर कमिश्नरेट के अन्य जोन और सर्किलों में भी जल्द दिखाई देने वाला बताया जा रहा है।



## दूल्हे पक्ष द्वारा नकली जेवर देने पर दुल्हन पक्ष ने शादी तोड़ी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** वर पक्ष द्वारा शादी में नकली आभूषण दियें जाने से गुस्सायें वधू पक्ष ने शादी तोड़ दी। आरोप है कि वर को भी नामचीन कंपनी में मैनेजर बताया था, जबकि वह सेल्समैन निकला। इसको लेकर वर व वधू पक्ष के बीच जमकर कहासुनी भी हुई। वधू पक्ष ने वर के परिजनों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानान्तर्गत गांव कादराबाद में रहने वाले एक किसान की बेटी का रिश्ता जनपद मेरठ के एक गांव निवासी युवक से तय हुआ था। शादी बुधवार को एक बैंक्टहॉल में होनी थी। परिजनों ने युवक को किसी कंपनी में मैनेजर बताया था। वर पक्ष द्वारा शादी से पहले ही कुछ रकम भी वधू पक्ष से ली गई थी, वधू पक्ष को बुधवार को पता चला



कि युवक तो किसी नीजी कंपनी में मैनेजर नही बल्कि सेल्समैन पद पर है। बताया गया कि बुधवार को मोदीनगर में बरात आई। शादी से पहले सगाई की रस्म होने लगी। जिसमें वर पक्ष ने वधू के लिए जेवर दिए। वहां बैठे किसी व्यक्ति ने देखा तो जेवर सोने के नही बल्कि नकली थे, किसी धातु पर सोने की पानी चढ़ाया हुआ था। वर पक्ष के लोगों ने इस पर पूछताछ कर टोका तो वधू पक्ष के लोग घबरा गये। इसके बाद एक सुनार को मौके पर बुलाया गया, तो जेवर नकली होने की पुष्टि हुई। इस पर दोनों पक्षों के बीच जमकर कहासुनी हुई। वधू पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया, जिसके बाद बरात बैरंग लौट गई। वहीं, बृहस्पतिवार को वधू के पिता व अन्य परिजन थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को सारी बात बताई। वधू पक्ष ने वर पक्ष पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्वाही की जाएगी।

## दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का चुनाव 24 अप्रैल को सुनिश्चित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दस्तावेज लेखक एसोसिएशन रजिस्टर्ड 2025- 26 के वार्षिक चुनाव में 16 अप्रैल नामांकन दाखिल की अंतिम तारिख और नाम वापिसी की अंतिम तारीख 17 अप्रैल दोपहर तक थी। नामांकन वापसी के बाद अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी संजीव कौशिक, गौरव चौधरी, ओम दत्त शर्मा, सचिव पद पर विशाल भारद्वाज, रविन्द्र शर्मा, सहसचिव पर अश्विनी कुमार परमानंद भारती हैं। सांस्कृतिक सचिव पर कुनाल कौशिक, निशांत सोनी, कोषाध्यक्ष पर अशोक कुमार, कुनाल शर्मा, कार्यकारिणी पर जतिन कुमार, मौ. साजिद, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, शिवम शर्मा, विकास कुमार चुनाव में कड़ा मुकाबला चल रहा है। गुरुवार को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजीव कौशिक, बैनामा लेखक ने तहसील कम्पाउन्ड के अन्दर चैंबर टू चैंबर संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने प्रचार-प्रसार का कार्य भी किया। सभी ने संजीव कौशिक को अपना भरपूर समर्थन और आशीर्वाद दिया। दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का चुनाव 24 अप्रैल दिन वृहस्पतिवार को होगा।





### मुलाकात



गाजियाबाद करंट क्राइम। गुरूवार को जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० अनिल जय हिन्द से मुलाकात हुई। इस अवसर पर त्रिलोक सिंह ने पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर डॉ अनिल जय हिन्द को बधाई दी।

## पत्नी की प्रताड़ना से दुःखी हो पति ने दी जान

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पत्नि सेप्रताडित होकर पति ने जहर खा लिया, उसकी मौत हो गयी। जिसे लेकर मृतक की माँ ने पुत्रवधू सहित उसके मायके पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर ससुराल पक्ष के लोगों को प्रताड़ित करने ओर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दने का मामला दर्ज कराया है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव अतरौली निवासी वृद्ध महिला संतोष देवी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसके पुत्र अमित का विवाह आठ वर्ष पूर्व गांव पचगांव, थाना निवाडी की महिला प्रियंका से हुआ था। विवाह के बाद से प्रियंका, सास संतोष देवी पर मकान अपने नाम करने का दबाव बनाती थी। मना करने पर उसके साथ मारपीट व अभद्रता की जाती थी, जिसे लेकर पीडिता अपने छोटे बेटे अंकित के साथ रहने लगी ओर बडे पुत्र को बेदखल कर दिया। आरोप है कि बडे पुत्र अमित की पत्नि प्रियंका को जब भी समझाने का प्रयास किया गया तो उसने धमकी दे डाली कि वह सुसराल पक्ष के लोगों को झूठे केस में फंसा देगी। इसी क्रम में जब मेरा पुत्र अमित खाना बनाने के लिये जा रहा था, तभी छत से उसके बेटे ने टायलट कर दिया, जिसे लेकर दम्पत्ति के बीच विवाद हुआ ओर उसकी प्रताडना से क्षुब्ध होकर बेटे अमित ने जहर खा लिया।




### खलीफा पर क्यों उठा ली आयरन घोंटे वाले पूर्व जनप्रतिनिधि ने चेयर

किस्सा शहर वालों का है और शहर में गूंज रहा है। आयरन घोंटे वाले सियासत के घुटे हुए खिलाड़ी हैं। अब वो भले ही वजीर नहीं है लेकिन ऊर्जा उनमें उतनी ही है। ताश के तो वो ऐसे खिलाड़ी हैं कि आप उन्हें ताश का अर्जुन अवार्डी मान सकते हैं। पहले पंसारी जी के यहां खेल प्रतिभा का मुलाहिजा करने जाते थे। उन दिनों नवयुग मार्किट में सर्विस रोड पर बने एक दफ्तर में जाते हैं। इसी मैदान में राम लीला के पुराने खलीफा भी आते हैं। खलीफा ने बीते दिनों गुस्से में त्याग पत्र दे दिया था। दोनों महायोद्धा कमरे में थे और ताश की गड्डी फेंटी जा रही थी। विवाद ताश का पत्ता निकालने पर हुआ और इतना विवाद बढ़ गया कि आयरन घोंटे वालों ने खलीफा पर चेयर तान दी। दोनों ने कहा कि तू अभी मुझे नहीं जानता है। लेकिन दोनों ताश के ऊपर ऐसे लड़ेंगे, इस बात को पूरा शहर जान गया है। खलीफा और मंत्री जी की एक पत्ते पर हुई लड़ाई बाहर आ गई है।

### लोनी में गूंज रहा है तराना, फटा कुर्ता म्यूजियम में फ्रेम करके लगाना

वैसे तो साहब का तबादला किसी रिजन से नहीं हुआ बल्कि तबादले वाले सीजन में रूटिन प्रक्रिया से हुआ। ना वेटिंग में रखे गये और ना ही कोई पनिशमेंट पोस्टिंग मिली। साहब थे और साहब ही रहेंगे। इधर तबादले पर फूल वालों के यहां ढोल बजा और सहारनपुर में स्त्री, बच्चे, बूढ़े, जवान सब विधायक जी को महान बताते हुए नए कुर्ते में हाथ लगाने के लिए उमड़ पड़े। लोनी वाले भी कम नहीं है और खास तौर से विधायक जी की बिरादरी वाले तो और चार हाथ आगे चलते हैं। जब जिक्र कुर्ते का चला तो उन्होंने कहा कि हमारे हिसाब से तो फसाना बढ़ा है तो तराना भी ऐसा होना चाहिए। कुर्ते को बाकायदा फ्रेम में जड़वाकर, विधायक आवास पर टांगा जाना चाहिए। आती जाती जनता देख ले कि उनके विधायक का कुर्ता फटा था। अब रोज रोज थोडी ना कुर्ता फटेगा और विधायक जी तो वैसे भी नए नए आईटम लाते ही रहते हैं। हल्दीघाटी से मिट्टी लाये थे। मौलवी को जिन्न ने उन्हीं के घर पर कूटा था और शमशान घाट में खीर का हवन हो ही चुका है। ऐसे में अब ये कुर्ता भी तो याद दिलायेगा कि अपनी सरकार में विधायक जी की ऐसी तूती बोलती थी कि दरोगा ने कुर्ता फाड़ दिया और फिर विधायक जी ऐसे ही घूमे थे। बहरहाल बिरादरी वालों को नया कुर्ता भा नहीं रहा है।

### जो मजा महानगर की टीम में है वो लुत्फ क्षेत्र वाली टीम में नहीं है

कप्तान, कप्तान होता है और कप्तानी भले ही महानगर की मिले लेकिन उसका जलवा होता है। फूल वालो के नए कप्तान इस बात को बता भी सकते हैं क्योंकि उन्हें क्षेत्र वाली टीम से लेकर महानगर वाली टीम का अनुभव है। महानगर वाली टीम में आने के लिए कई चेहरों ने अपने–अपने ढंग से सेटिंग बिठाई है। ऐसे ही एक चेहरे को जब ध्वज प्रणाम वाले अलाने जी भाई साहब ने समझाया तो सेटिंग वाला भी उन्हें अपनी बात समझाकर आया। उसने दो अध्यक्षों के नाम लिये और कहा कि वो दोनों के दोनों क्षेत्रीय टीम में हैं और फिर भी उन्होंने पूरे जोर महानगर के लिए लगाये। आपको क्या पता कि जो मजा महानगर वाली टीम में है वो क्षेत्र वाली पारी खेलने में नहीं है।

# गाजा में इस्राइली हमले में एक परिवार के 10 लोग समेत 23 की मौत हुई यूएन ने खाद्य आपूर्ति रोकने पर जताई चिंता

**डेर अल बलाह ।** गाजा पट्टी में इस्राइल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समझौता खत्म होने के बाद इस्राइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। अब तक इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। नासेर अस्पताल के अनुसार दक्षिणी शहर खान यूनिस में इस्राइली हमले में एक ही परिवार के पांच बच्चे, चार महिलाएं और एक पुरुष की मौत हो गई। वहीं इंडोनेशियाई अस्पताल के अनुसार उत्तरी गाजा में हमलों में नौ बच्चों सहित 13 लोग मारे गए।



**गाजा पट्टी में गुरुवार रात को हुए हमलों में एक परिवार के 10 लोग समेत 23 की मौत हो गई। वहीं गाजा में पिछले छह सप्ताह से खाद्य आपूर्ति बंद होने पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। इसके चलते गाजा पट्टी में लोगों को खाना नहीं मिल पा रहा है। कई जगह तो पानी तक का संकट है**

## लाखों लोग खाने के लिए तरसे

गाजा में खाद्य आपूर्ति बंद होने पर संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय (ओसीएचए) ने चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा के लगभग 20 लाख से ज्यादा लोग अब भोजन के लिए सहायता समूहों की ओर से चलाई जा रही चैरिटी रसोई में बन रहे केवल 10 लाख लोगों के भोजन पर निर्भर हैं। आपूर्ति बंद होने से यहां खाद्य वितरण कार्यक्रम बंद हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता समूह अपने बचे हुए स्टॉक को चैरिटी रसोई में भेज रहे हैं। गाजा में भोजन के लिए लोग केवल बाजार पर निर्भर हैं, लेकिन कीमतें ज्यादा होने से लोग खाद्य पदार्थ नहीं खरीद पा रहे हैं। दिन में एक बार कर पा रहे भोजन संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा पट्टी अब 18 महीनों में सबसे खराब मानवीय संकट का सामना कर रही है। नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल की प्रवक्ता शाइना लो ने कहा कि गाजा में ज्यादातर लोग अब दिन में सिर्फ एक बार भोजन कर पा रहे हैं। यह जरूरत से बहुत कम है। इसके अलावा गाजा में पानी की कमी बढ़ती जा रही है। फलस्तीनी लोग ट्रकों से जेरी कैन भरने के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं। स्थानीय जल उपयोगिता के एक अधिकारी उमर शतत ने कहा कि लोगों को प्रतिदिन छह या सात लीटर पानी ही मिल रहा है, जो बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक मात्रा से काफी कम है इस्राइल ने कहा- बंधकों की रिहाई तक जारी रहेंगे हमले इस्राइली रक्षा मंत्री काट्ज ने साफ कहा है कि उनके देश की नीति साफ है कि वे हमास पर दबाव बनाने के लिए ये हमले कर रहे हैं और जब तक हमास बाकी बचे बंधकों को रिहा नहीं करता है, तब तक हमास पर हमले जारी रहेंगे। मानवीय सहायता को रोकना हमास के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली दबाव रणनीति में से एक है। हमास ने वर्तमान में 59 बंधकों को पकड़ रखा है, जिनमें से 24 के जीवित होने का अनुमान है।

# यूक्रेन ने उजागर की रूस से पकड़े चीनी युद्ध बंदियों की पहचान तो भड़का ड्रैगन

**बीजिंग ।** तीन साल से चल रहे युद्ध में चीन पर रूस की मदद करने के दावे को सही साबित करने के लिए यूक्रेन के बड़ा कदम उठाया। यूक्रेन ने रूस से पकड़े गए चीनी युद्ध बंदियों की पहचान उजागर कर दी। यूक्रेन ने मीडिया के सामने दो चीनी युद्ध बंदियों की परेड कराई। यूक्रेन के इस कदम पर चीन भड़क गया है। चीन ने यूक्रेन पर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून तोड़ने का आरोप लगाया है।



यूक्रेन ने रूस से पकड़े गए चीनी युद्धबंदियों की मीडिया के सामने पेश किया। बंदियों को युद्ध की वर्दी पहनाकर प्रेस ब्रीफिंग रूम में लाया गया। इस दौरान चीनी युद्धबंदियों ने आपबीती साझा की। युद्धबंदियों ने बताया कि वित्तीय प्रोत्साहन के चलते वे रूसी सेना का हिस्सा बने थे। एक युद्ध बंदी ने कहा कि वह कोविड महामारी के दौरान अपनी नौकरी खोने के बाद पैसे कमाने का तरीका खोज रहा था। रूस में प्रति माह 250,000 रूबल (लगभग 3000 अमेरिकी डॉलर) की कमाई चीन में मिल रहे वेतन से दोगुनी थी। बंदियों ने बताया कि उन्होंने पहले से ही मेडिकल रिहैबिलिटेशन का प्रशिक्षण लिया हुआ था।

ऐसा कुछ वे रूसी सेना में करना चाहते थे। लेकिन जब वे मॉस्को पहुंचे तो उन्होंने अनिवार्य युद्ध प्रशिक्षण लिया और उन्हें एक लड़ाकू भूमिका सौंपी गई। उन्हें भाषा की समस्या थी और उन्हें रूसी भाषा के दस्तावेज दिए गए, जिसे वे दोनों नहीं समझ पाए। एक युद्धबंदी ने बताया कि वह अपने साथियों से सिर्फ हाथ के इशारों से ही बात कर सकता था। युद्धबंदियों ने कहा कि उन्होंने रूस से अनुबंध किया था। इसके मुताबिक उन्हें युद्ध में भाग लेने, लामबंदी अवधि, आपात स्थितियों और मार्शल लॉ के दौरान कर्तव्यों को पूरा करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने और बहाल करने की गतिविधि में भाग लेने और रूसी संघ के क्षेत्र के बाहर अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधि को रोकने के लिए प्रतिबद्ध किया गया था।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने उगला नफरती जहर, बड़बोलेपन में कुछ ज्यादा ही बोल गए

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की बुनियाद नफरत के आधार पर रखी गई और आज उसकी स्थिति दुनिया के सामने है। पाकिस्तान बबार्दी के कगार पर है, लेकिन हैरानी है कि उसकी ये नफरती सोच अभी तक नहीं बदली है। अब पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ अपनी नफरत जाहिर की है और कहा है कि हम हिंदुओं से अलग हैं। आसिम मुनीर ने टू नेशन थ्योरी को सही ठहराया है। इतना ही नहीं पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने ये भी दावा कर दिया है कि उनकी संस्कृति और विचारधारा बेहतर है।



**बड़बोलेपन में जानिए क्या-क्या बोले पाकिस्तानी सेना प्रमुख :** बुधवार को ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने कहा कि 'हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम हिंदुओं से हर मामले में अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं, हमारी परंपराएं और हमारे विचार भी अलग हैं। हमारी महत्वकांक्षाएं अलग हैं और यही द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का आधार था। जिसमें माना गया कि हम दो देश हैं, एक नहीं।' आसिम मुनीर ने अपनी छोटी सोच दिखाते हुए विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को भी भारत और हिंदुओं से भेदभाव करना सिखाएं। मुनीर ने कहा कि 'हम एक देश नहीं हैं, हमारे पूर्वजों ने इस देश को बनाने में काफी संघर्ष किया। हम जानते हैं कि इसकी कैसे रक्षा की जानी है। आपको अपने बच्चों को यह बताना चाहिए कि वे कभी भी पाकिस्तान की कहानी को न भूलें। न भूलें कि पाकिस्तान किस आधार पर बना ताकि उनका पाकिस्तान के साथ नाता कमजोर न हो सके।

## जब भारतीय सेना हमें नहीं डरा पाई

आसिम मुनीर यहीं नहीं रुके और विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से कहा कि 'वे इस बात को न भूलें कि वे बेहतर विचारधारा और बेहतर संस्कृति से ताल्लुक रखते हैं।

# गाजा, लेबनान और सीरिया के सिक्योरिटी जोन में तैनात रहेंगे इस्राइली सैनिक

**यरूशलम ।** इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि उनकी सेना गाजा पट्टी, लेबनान और सीरिया के कुछ हिस्सों में बनाए गए सुरक्षा क्षेत्रों (सिक्योरिटी जोन) में अनिश्चितकाल तक तैनात रहेंगी। सात अक्तूबर 2023 को हमास की ओर से इस्राइल पर हमले किए गए थे, जिसके बाद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपनी सीमाओं का एकतरफा विस्तार कर दिया।



इस्राइल का मानना है कि इन इलाकों पर नियंत्रण रखना भविष्य के हमलों को रोकने के लिए जरूरी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक, किसी भी क्षेत्र पर बलपूर्वक कब्जा करने अवैध है। कई देशों ने रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भी इसी दलील का उपयोग किया है।

023 के हमले के बाद इस्राइल ने गाजा की सीमा पर एक बड़ा बफर जोन बनाया और दक्षिणी शहर रफा की घेराबंदी कर ली। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस्राइल अब गाजा के पचास फीसदी से अधिक हिस्से पर नियंत्रण रखता है। काट्ज ने स्पष्ट नहीं किया कि इसमें कौन-कौन से इलाके शामिल हैं।

लेबनान में संघर्षविराम के बाद इस्राइल को अपनी सेना हटानी थी, लेकिन पांच रणनीतिक स्थानों पर इस्राइली सैनिक अब भी तैनात हैं। वहीं, सीरिया में इस्राइली सेना ने गोलन हाइट्स से आगे बढ़कर कुछ गांवों तक अपना नियंत्रण बढ़ा दिया है और सीरियाई सैन्य ठिकानों पर हमले जारी हैं।

## पड़ोसी देशों ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी

लेबनान और सीरिया ने इस्राइल के कब्जे की निंदा की है और इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। लेकिन उनकी सेनाएं इस्राइल के मुकाबले काफी कमजोर हैं। हिजबुल्ला ने चेतावनी दी है कि अगर इस्राइल ने पीछे हटने से इनकार किया तो संघर्ष दोबारा शुरू हो सकता है। हालांकि उसका सैन्य प्रभाव अब पहले जैसा नहीं है।

# ईरान की अमेरिका के साथ रोम में होगी दूसरे दौर की परमाणु वार्ता, तेहरान ने की पुष्टि

**दुबई ।** ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस साप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सककारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा।



इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जरीफ 2015 में हुए परमाणु समझौते के मुख्य वातार्कार थे। राष्ट्रपति ने जरीफ की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सरकार अब कुछ वजहों के कारण जतरफी के अनुभव का लाभ नहीं उठा सकती। नए उपराष्ट्रपति के रूप में मोहसिन इस्माइली की नियुक्ति की गई है, जो एक मध्यमार्गी और कानून विशेषज्ञ माने जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है ।

# अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे भेंट

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। इसकी घोषणा अमेरिका के उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से की गई थी। जानकारी के मुताबिक जेडी वेंस 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति दोनों देशों के नेताओं के साथ साझा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी के साथ बैठक, इन जगहों पर जाएंगे जेडी वेंस जेडी वेंस के भारत दौरे को लेकर उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कहा गया है । कि, भारत में, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अगले सप्ताह की शुरूआत में भारत का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस अपने तीन छोटे बच्चों - इवान, विवेक और मीराबेल को भी भारत ला सकेंगे। वेंस परिवार नई दिल्ली के अलावा जयपुर और आगरा की भी यात्रा करेगा। उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। उपराष्ट्रपति और द्वितीय परिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

# महिला की भावुक अपील, अवैध अप्रवासियों के निर्वासन पर छिड़ी बहस

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में अवैध अप्रवासियों के निर्वासन पर अमेरिका में रार जारी है। डोनाल्ड ट्रंप अवैध अप्रवासियों पर सख्ती बरत रहे हैं, वहीं डेमोक्रेट पार्टी इसे गलत बता रही है। अमेरिका में इन दिनों एक अवैध अप्रवासी किल्मर एब्रेगो गार्सिया के मुद्दे पर काफी हंगामा हो रहा है। गार्सिया को अवैध अप्रवासी बताकर ट्रंप प्रशासन उसे एल सल्वाडोर निर्वासित कर चुका है। वहीं डेमोक्रेट पार्टी उसे निर्दोष बताकर उसे वापस लाने की मांग कर रही है। गार्सिया के समर्थन में लोग जुड़ते जा रहे हैं। ऐसे में ट्रंप प्रशासन ने व्हाइट हाउस में एक महिला से भावुक अपील कराकर जनमत अपने पक्ष में करने की कोशिश की। महिला की भावुक अपील दरअसल महिला पैटी मोरिन की बेटी रशेल मोरिन की साल 2023 में एक अवैध अप्रवासी ने दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या कर दी थी। अब जब गार्सिया को वापस लाने की मुहिम चल रही है तो ट्रंप प्रशासन ने पैटी मोरिन को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया। मोरिन ने ट्रंप प्रशासन की अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने की नीति का समर्थन किया और कहा कि 'ये लोग (अवैध अप्रवासी) अपराधी हैं और ट्रंप इन्हें हटाना चाहते हैं। हमें इन अपराधियों को इस देश से निकालना चाहिए। हम अमेरिकी नागरिक हैं और हमें इस तरह के हिंसक, अपराधी लोगों को क्यों अपने देश में आने की इजाजत देनी चाहिए, जो हमारी बहनों, बेटियों की हत्याएं कर रहे हैं? मुझे समझ नहीं आता कि इसमें परेशानी क्या है।




उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने किल्मर एब्रेगो गार्सिया को उसके देश एल सल्वाडोर निर्वासित कर दिया है।

# 15 साल बाद बांग्लादेश-पाकिस्तान की विदेश सचिव स्तरीय वार्ता, व्यापार समेत अहम मुद्दों पर बात

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 15 साल के लंबे अंतराल के बाद विदेश सचिव स्तर की वार्ता हुई। गुरुवार को हुई इस बातचीत में विदेश मंत्रालय के सचिवों के बीच दोनों देशों के व्यापार संबंधों और द्विपक्षीय रिश्ते के अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से बातचीत हुई। यह मुलाकात और वार्ता इसलिए भी अहम है क्योंकि दोनों देशों के अधिकारियों की बातचीत पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार आने वाले दिनों में ढाका जाने वाले हैं।



**पाकिस्तानी विदेश सचिव का मोहम्मद यूनुस से भी मुलाकात का कार्यक्रम :** शीर्ष अधिकारियों की बातचीत के संबंध में देश की सरकारी एजेंसी ने बयान जारी किया। बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने कहा, बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन और पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच ने ढाका में आयोजित विदेश कार्यालय परामर्श (ऋङउ) के दौरान विस्तार से बात की। बलूच बुधवार को ढाका पहुंची हैं। खबरों के मुताबिक बलूच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से शिष्टाचार भेंट भी करेंगी।

2012 के बाद पहली बार कोई पाकिस्तानी विदेश मंत्री ढाका का दौरा करने वाला है। अप्रैल के अंतिम हफ्ते में इशाक डार की बांग्लादेश यात्रा प्रस्तावित है। इससे दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की आशा है। साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में जब सरकार ने पाकिस्तानी सैनिकों के कट्टर सहयोगियों पर मुकदमा चलाना शुरू किया, तब दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट घुल गई। हसीना ने जो मुकदमा शुरू किया वह बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति संग्राम से जुड़ा है। अब 15 साल के बाद रिश्ते बेहतर होने लगे हैं। पिछले साल (2024) पांच अगस्त को छात्रों का विरोध बढ़ने के बाद हसीना को पद छोड़ना पड़ा था। इसके बाद फिलहाल मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के दौर में दोनों देशों के संबंध सुधर रहे हैं।

## भारत की सख्ती के कारण बैकफुट पर बांग्लादेश

गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों की तल्खी के कारण पाकिस्तान की भूमिका अहम हो गई है। हाल ही में भारत ने ट्रांसशिपमेंट की सुविधा बंद कर दी है, जिससे बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था को लेकर कई चिंताएं उपजने लगी हैं। बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर सुविधा (ट्रांस-शिपमेंट) वापस लेने से बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने बीते 8 अप्रैल को सर्कुलर जारी कर इस फैसले की जानकारी दी।

# बिना नोटिस आव्रजन दर्जा खत्म अमेरिकी कोर्ट पहुंचा भारतीय छात्र

**नई दिल्ली ।** अमेरिका से अप्रवासियों के निर्वासन का सिलसिला लगातार जारी है। मगर अब वीजा लेकर रह रहे लोगों को भी निर्वासित करने के लिए उनका आव्रजन दर्जा खत्म किया जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में अब अमेरिकी गृह विभाग और आव्रजन अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बार मुकदमा चार छात्रों ने दर्ज कराया है। इसमें एक भारतीय छात्र चिन्मय देवरे भी शामिल है। छात्र का कहना है कि उसके आव्रजन दर्जे को बिना नोटिस और सूचना दिए समाप्त कर दिया गया। जबकि उनके खिलाफ न तो कोई मुकदमा है और न ही वे किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहे हैं।



# मादक पदार्थों के खिलाफ तुर्किये का सबसे बड़ा ऑपरेशन अब तक 525 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया

**इंस्ताबुल ।** तुर्की पुलिस ने गुरुवार को राजधानी अंकारा में कार्रवाई करते हुए 525 संदिग्ध ड्रग डीलरों को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि यह देश के इतिहास में 'सबसे बड़ा नारकोटिक्स ऑपरेशन' था। मंत्री के अनुसार इस अभियान में हजारों पुलिस अधिकारी, खोजी कुत्ते, ड्रोन और हेलीकॉप्टर शामिल थे और 625 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि ये छापे छह महीने तक हर संदिग्ध की तकनीकी और शारीरिक निगरानी का नतीजा थे।



## गिरफ्तार किए गए लोगों पर क्या है संदेह

आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कई पर इंटरनेट आधारित संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से मोहल्लों और गलियों में मादक पदार्थों की बिक्री में शामिल होने का संदेह है। मंत्री येरलिकाया ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'हमने उन जहर बेचने वालों को एक बार फिर बहुत स्पष्ट रूप से दिखा दिया है: जिस सड़क पर आप आए हैं, वह एक बंद गली है।' आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि कार्रवाई जारी रहेगी और आने वाले दिनों में और लोगों को हिरासत में लिया जाएगा।

## यूरोप भर में बड़े पैमाने पर चलाया गया अभियान

तुर्किये में ये छापेमार कार्रवाई मंगलवार को यूरोप भर में बड़े पैमाने पर चलाए गए अभियान के बाद की गई है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क को निशाना बनाया गया। नीदरलैंड, तुर्किये, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम में यूरोपोल और पुलिस बलों के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान 230 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसके दौरान 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति जब्त की गई।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...


# सौभाग्य और सौम्या का वाग्दान समारोह धूमधाम से हुआ सम्पन्न







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कविनगर निवासी सुनील शर्मा तथा राखी शर्मा के पुत्र सौभाग्य शर्मा का वाग्दान संस्कार अंशु खन्ना तथा अतुल खन्ना की सुपुत्री सौम्या के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। वेदान्ता फार्महाऊस में आयोजित वाग्दान समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। देश के केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इस कार्यक्रम में पहुंचे और उन्होंने सौभाग्य तथा सौम्या को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा तथा राखी शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वाग्दान समारोह में राजनीति समाजसेवा पत्रकारिता और उद्यमिता जगत के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला शिकायत निवारण समिति एवं फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद की बैठक संपन्न

**- डीएम ने योजना के प्रचार-प्रसार हेतु कार्य योजना बनाने के दिये निर्देश**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जिला अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (पी०एम०जे० ए०वाई०) की जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अमित विक्रम, डा० राजेश तेवतिया, नोडल अधिकारी आयुष्मान योजना, डिस्ट्रिक्ट इम्पलीमेंटशन यूनिट, सपोर्ट एजेन्सी तथा आयुष्मान पंजीकृत निजी एवं राजकीय चिकित्सालय के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा योजना को लेकर बिन्दुवार जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने इस बारे में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण, लम्बित भुगतानों, तकनीकी समस्याओं, लाभार्थियों को होने वाली परेशानियों तथा क्लेम की वर्तमान स्थिति की गहनता से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आयुष्मान पंजीकृत चिकित्सालयो में जन-मानस में आयुष्मान योजना के प्रचार-प्रसार हेतु अपने स्तर से कार्य योजना बनाते हुये क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

## अस्पतालों के फ्रंट काउंटरों पर हो मरीजों को प्रदान की जानी वाली सभी सेवाओं के बारे में पूर्ण जानकारी

करंट क्राइम। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि मरीजों को प्रदान की जानी वाली विशेषज्ञ सेवाओं के बारे में अस्पतालों के वेटिंग एरिया एवं रिसेप्शन के पास पूर्ण जानकारी प्रदर्शित करना सुनिश्चित करायें, ताकि लाभार्थियों को सही जानकारी प्राप्त हो सके तथा साथ ही साथ प्रदर्शित सूचना में एक मोबाइल नम्बर भी अंकित होना चाहिए, ताकि लाभार्थी उपचार प्राप्त न होने की स्थिति में शिकायत कर मदद प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में आयुष्मान योजना से पात्र लाभार्थियों को उपचार कराने में अनावश्यक कारणों की वजह से परेशान ना होना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा, यदि इस सम्बंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाए।

## फेडरेशन को अधिकार देने के सुझाव पर नियमानुसार विचार किया जा सकता है



**करंट क्राइम।** डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद की बैठक आयोजित हुई। फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद का नेतृत्व करते हुए फेडरेशन के चेयरमैन कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने प्रदूषण को कम करने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि फैक्टरीज में ईटीपीएस चल रहे हैं या नहीं, इसके औचक निरीक्षण की जिम्मेदारी सिविल सोसाइटी को दी जाए। इसके साथ ही शहर की सुविधाओं के रख-रखाव के लिए क्यूआरटी (क्यूविक रिऐक्शन टीम) स्थापित की जाएं। यूपी अपार्टमेंट बाय लोस के सेक्शन 48 के अंतर्गत फेडरेशन को एसोसिएशंस के आपसी विवाद और स्थानीय चुनाव कराने की जिम्मेदारियां दी जाएं क्योंकि 400 सोसायटियों में प्रति वर्ष चुनाव कराने होते हैं। महामाया स्टेडियम में स्पोर्टस की सुविधाओं को और अधिक विकसित किया जाना चाहिए, साथ ही जनपद में जगह जगह फुट बाल फील्ड बनाए जाएं ताकि नई पीढ़ी में टीम स्पिरिट और लीडरशिप पैदा हो। नए बहुमंजली निर्माण पर रोक लगाई जाएं। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बैठक में फेडरेशन द्वारा रखे गये बिन्दुओं को ध्यान पूर्वक सुना और कहा कि क्यूआरटी कल्चर वं यूपी अपार्टमेंट बाय लॉस की धारा 48 के अंतर्गत फेडरेशन को अधिकार देने के सुझाव पर विभागों और फेडरेशन के सदस्यों के साथ समन्वय बनाते हुए नियमानुसार विचार किया जा सकता है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक करते हुए प्रदूषण पर रोक लगाने हेतु कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि महामाया स्टेडियम में स्पोर्ट्स, स्वीमिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, डीआईओ वाई0पी0 सिंह सहित फेडरेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**- 100 कृषकों तथा संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कुछ शिकायतों के सम्बंध में संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें। बैठक में जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन एवं कृषक अरूण दहिया, प्रमोद कुमार त्यागी, राजेश चौधरी, सतेन्द्र तोमर आदि कृषकों द्वारा विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, लोक निर्माण विभाग से सम्बंधित प्रार्थना पत्र दिये गये। बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, लोक निर्माण, सिंचाई के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में लगभग 100 कृषकों तथा सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की पहल 'फूड सेफ्टी कनेक्ट एप'

**ग्राहक खाद्य गुणवत्ता का फीडबैक इस पर दे सकते हैं**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराए जाने की दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 'फूड सेफ्टी कनेक्ट एप' पर ग्राहक द्वारा गुणवत्ता आदि का फीडबैक प्राप्त कर उन पर फीडबैक के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए ग्राहक संतुष्टि फीडबैक डिस्प्ले रेस्टोरेंट, स्वीट शॉप समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर संतुष्टि फीडबैक डिस्प्ले प्रारूप चस्पा किया जाएगा, जिस पर प्रतिष्ठान का नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी तथा फूड अथवा खाद्य रजिस्ट्रेशन संख्या अंकित होगा।

उपर्युक्त सूचनाओं के आधार पर ग्राहक food safety connect app को डाउनलोड कर अपना फीडबैक दे सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 18001805533 पर अपनी शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।

ॐ शांति **शोक संदेश** ॐ शांति

आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुज्यनीय पिता जी श्री ओमकार पुंडीर का स्वर्गवास दिनांक 12.04.2025 दिन शनिवार को हो गया है। उनकी तेरहवी दिनांक 18.04.2025 दिन शुक्रवार को होनी निश्चित हुई है।

कृपया समय पर पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धाँजलि अर्पित करें।

कार्यक्रम

दिनांक 18 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार

हवन..........प्रातः 9 बजे

ब्रहमभोज..........प्रातः 11.00 बजे

रस्म पगडी..........दोपहर 2 से 3 बजे

स्थान : आशीर्वाद फार्म हाऊस, ग्राम व पोस्ट डहाना, जिला हापुड़

शोकाकुल परिवार :
प्रदीप पुंडीर (पुत्र)
दीपक ठाकुर (पुत्र) पूर्व महानगर मंत्री भाजपा, गाजियाबाद
एवं समस्त पुंडीर परिवार

Mob.: 9911227222 9997232327

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

**Sanjeev Sharma**
9h ·

मेरे अतिप्रिय भाजपा नेता पार्षद पति संजय त्यागी जी को जन्मदिन की शुभकामनायें ये ऊपर से जितना कड़क है अंदर से इतना मोम है समाजसेवा की पराकाष्ठा इनके हृदय में है मैं कभी कभी इसे प्यार से पागल कहता हूं क्योंकि करोना काल में मजबूर लोगों के लिए 645 पास बनवाये जिससे वो आ जा सके रोज जिलाधिकारी कार्यालय के चक्कर काटकर मुश्किल से पास बनवाकर लाते थे जबकि खुद को बुखार होता था ऐसे ही समाज के लिए हमेशा समर्पित रहे ईश्वर संजय जी को सामर्थ्य प्रदान करे जिससे वो गरीब वंचित लोगों की सेवा करते रहे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व महानगर कार्यालय प्रभारी तथा पार्षद पति संजय त्यागी के लिए शहर विधायक संजीव शर्मा का अलग ही प्यार रहता है। इतना प्यार कि उन्होंने संजय त्यागी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मैं इन्हें प्यार से पागल कहता हूं। संजीव शर्मा ने संजय त्यागी की जमकर तारीफ की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।